राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 86
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 24 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236





मुख्य अपडेट | पेज 3 तीन मेट्रो प्रोजेक्ट का अप्रैल में शिलान्यास | पेज 4 पीलीभीत में वृहद रोजगार मेले के दौरान राज्य मंत्री ने | पेज 6 भारत और जिम्बावे में विश्वकप फाइनल देखना चाहते हैं द्रविड



## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली विधानसभा-सचिवालय को बम ब्लास्ट की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा भवन, दिल्ली सचिवालय और लाल किले को बम ब्लास्ट में उड़ाने की धमकी दी गई है। सोमवार को खालिस्तानी ग्रुप का धमकी वाला ईमेल भेजा गया। जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हुईं, विधानसभा भवन की सर्चिंग की गई। बम स्क्वाड और डॉग स्क्वॉड सर्च में जुटीं लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, लाल किला की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। इससे पहले दिल्ली स्थित धौला कुआं के आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी।

### कलकत्ता हाइकोर्ट ने सभी ज्यूडिशियल ऑफिसर्स की छुट्टियां 9 मार्च तक रद्द की

**कलकत्ता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सभी ज्यूडिशियल ऑफिसर्स की छुट्टियां 9 मार्च 2026 तक रद्द कर दी हैं। कलकत्ता हाईकार्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पॉल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। सुप्रीम कोर्ट के 20 फरवरी के निर्देशों का पालन करने के लिए ऐसा किया गया। जिसमें स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के काम को पूरा करने के लिए ज्यूडिशियल ऑफिसर्स को लगाने की बात की गई थी। जजों के स्क्ह्रमें लगे रहने पर जरूरी मामलों के लिए अलग व्यवस्था बनानी के भी निर्देश दिए गए थे। इसके लिए अब 5 सदस्यों की कमेटी बनाई गई है।



### हैप्पी मॉर्निंग


मेंढक पप्पू से- तुम्हारे पास दिमाग नाम की कोई चीज है क्या?
पप्पू- है। मेंढक- नहीं है।
पप्पू- अरे भाई, बोला ना है।
मेंढक- नहीं है, नहीं है, नहीं है ज और यह बोलते हुए मेंढक कुए मे छलांग लगा देता है। पप्पू- हे भगवान, इसमें आत्महत्या करने वाली तो कोई बात नहीं थी।



### शायरी

नक़्शा उठा के कोई नया शहर ढूँढिए
इस शहर में तो सब से मुलाक़ात हो गई

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,294.66
+479.95 (0.58%)
निफ्टी:
25,713.00
+141.75

### मौसम



अधिकतम : 28 डिग्री से0
न्यूनतम : 13 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 6 : 55
सूर्यास्त मंगलवार : 6 : 20

# झारखंड के चतरा में एयर एंबुलेंस क्रैश, 7 की मौत

**रांची से दिल्ली जा रहा था विमान; टेकऑफ के 20 मिनट बाद संपर्क टूट गया था**



**रांची।** झारखंड से दिल्ली जा रहा एक चार्टेड प्लेन चतरा में क्रैश हो गया। प्लेन में सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। रेडबर्ड कंपनी का बीचक्राफ्ट किंग एयर बी90एल एक एयर एंबुलेंस था।

फ्लाइट ने सोमवार शाम 7 :11 बजे रांची से उड़ान भरी, 7: 34 पर एयरक्राफ्ट का कम्युनिकेशन टूट गया। थोड़ी देर बाद प्लेन झारखंड के चतरा जिले के समरिया के जंगलों में क्रैश हो गया।

प्लेन में कैप्टन विवेक विकास भगत (पायलट), कैप्टन सबराजदीप सिंह ( को- पायलट), संजय कुमार (मरीज), अर्चना देवी (परिजन), धूरू कुमार (परिजन), विकास कुमार गुप्ता (डॉक्टर), सचिन कुमार मिश्रा (पारामेडिकल स्टाफ) सवार थे।

### मरीज को इलाज के लिए दिल्ली लेकर जा रहा था विमान

रांची के देवकमल हॉस्पिटल के सीईओ, अनंत सिन्हा ने बताया कि एयर एम्बुलेंस का इंतजाम एक मरीज ने किया था।

उन्होंने कहा, लातेहार जिले के चंदवा के रहने वाले मरीज संजय कुमार (41) को 16 फरवरी को 65 परसेंट जलने की हालत में हॉस्पिटल लाया गया था। हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था।

सिन्हा ने आगे कहा कि परिवार वालों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाने का फैसला किया। मरीज को लगभग 4.30 बजे हॉस्पिटल से दिल्ली के लिए ले जाया गया। शाम को विमान हादसे में मरीज के साथ विमान में सवार सभी की मौत हो गई।

# नेपाल- बस हाईवे से नदी में गिरी, 18 की मौत : 25 घायल

**मरने वालों में 2 विदेशी नागरिक; कंट्रोल खोने से हादसा**



**काठमांडू।** नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं।

मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं।

आर्म्ड पुलिस फोर्स के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

बस पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी किसी कारण ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। हादसा देर रात करीब रात 1: 30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग इलाके में हुआ। फिलहाल पुलिस हादसे की अन्य वजहों की भी जांच कर रही है।

## कर्नाटक में दलित जोड़े को मंदिर जाने से रोका

**तुमाकुरू।** कर्नाटक के तुमाकुरू में 21 फरवरी को एक दलित नवविवाहित जोड़े को अरसम्मा मंदिर में प्रवेश से रोका गया। जैसे ही दोनों पूजा के लिए मंदिर पहुंचे, नारायणप्पा नाम के व्यक्ति ने उन्हें बाहर ही रोक दिया। आरोपी ने जोड़े को अपमानित करते हुए कहा कि दलित लोग घर पर पूजा करें, मंदिर न आएं। पीड़ितों ने 5 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में सामाजिक तनाव बढ़ा है। नवविवाहित जोड़े को सरेआम रोका गया, जिससे उन्हें मानसिक आघात पहुंचा। दलित समुदाय में आक्रोश है। मंदिर में मौजूद कुछ लोगों ने आरोपी का समर्थन किया, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता को खत्म करता है।

### विरोध प्रदर्शन



तिरुवनंतपुरम में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केरल सरकार की कथित मूल्य वृद्धि और महिला विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# दिल्ली-एनसीआर में कोयले आधारित कारखानों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**इन्हें शिफ्ट करने और 300 किमी के दायरे में नए प्लांट खोलने पर केंद्र से जवाब मांगा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या कोयले से चलने वाले उद्योगों को एनसीआर से बाहर शिफ्ट किया जा सकता है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने दिल्ली से 300 किलोमीटर के अंदर नए कोयला आधारित पावर प्लांट खोलने पर रोक लगाने के प्रस्ताव पर सरकार से जवाब भी मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्माण और तोड़-फोड़ (डिमोलिशन) के काम से उड़ने वाली धूल को कैसे रोका जाए, इस पर भी सभी पक्ष अपनी राय दें। इसके लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कुछ उपाय सुझाए हैं।



बेंच ने सभी पक्षों को 12 मार्च से पहले अपनी-अपनी रिपोर्ट और प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

कोर्ट ने कहा कि CAQM के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले एयर पॉल्यूशन के मुद्दे की जांच करेगा।

## त्योहारों में हवाई किराया बढ़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को त्योहारों और इमरजेंसी हालातों में प्राइवेट एयरलाइंस के हवाई किराए बढ़ाने को लेकर चिंता जताई है।

कोर्ट ने कहा कि यह एक बहुत गंभीर चिंता का विषय है। वरना, हम 32 पिटीशन पर विचार नहीं करते।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सिविल एविएशन मिनिस्ट्री इस मुद्दे पर विचार कर रही है। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार और डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन को विचार करने और जवाब देने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है।

यह मामला एक जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसमें प्राइवेट एयरलाइंस के त्योहारों के समय अचानक किराया बढ़ाने और अतिरिक्त शुल्क वसूलने पर कंट्रोल के लिए नियम बनाने की मांग की गई है।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने अदालत को बताया कि यह मामला आम जनता के हित से जुड़ा है। सरकार और संबंधित विभाग इसे हाईलेवल पर देख रहे हैं। मामले में अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी।

# अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित कर सकेंगे बैंक

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहत वापस ली, 40 हजार करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप**

मुंबई। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को बैंक अब फ्रॉड घोषित कर सकेंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को उन्हें मिली राहत का आदेश रद्द कर दिया है। कोर्ट ने दिसंबर 2025 में 40 हजार करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में बैंकों को फ्रॉड घोषित करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

### बैंकों ने नियमों का पालन नहीं किया

एसबीआई ने एक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर अंबानी के खातों को फ्रॉड की श्रेणी में डाल दिया गया था।

अंबानी ने इस कार्रवाई को चुनौती दी। कहा कि बैंकों ने सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांतों का पालन नहीं किया।

दिसंबर 2025 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अनिल अंबानी के खातों को फ्रॉड घोषित करने पर रोक लगा दी।

### जनवरी में बैंकों ने दी थी चुनौती

बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक और आईडीबीआई बैंक ने जनवरी 2026 में सिंगल बेंच के स्टे ऑर्डर को चुनौती दी थी। बैंकों का तर्क था कि वे फॉरेंसिक ऑडिट के आधार पर कार्रवाई करना चाहते हैं। अब बैंक कानून के मुताबिक आगे की कार्यवाही कर सकेंगे।


### सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी बनाने के दिए थे निर्देश

इसी महीने की शुरुआत में चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने मामले की जांच में हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों से पूछा था कि जांच में इतना वक्त क्यों लग रहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने ईडी को एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित करने का आदेश दिया था ताकि 40,000 करोड़ के इस कथित घोटाले की जांच में तेजी लाई जा सके।



# तमिलनाडु-एसआईआर की फाइनल लिस्ट पब्लिश, 74 लाख नाम कटे

**राज्य में कुल 5.67 करोड़ मतदाता; अब तक 8 राज्यों की अंतिम सूची जारी**



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिविजन 2026 के तहत तमिलनाडु की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश कर दी है। इसके मुताबिक राज्य में अब कुल 5.67 करोड़ वोटर के नाम हैं। इस प्रोसेस में करीब 74 लाख लोगों के नाम काटे गए हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के दौरान राज्य में कुल 6,41,14,587 वोटर थे। करीब चार महीने चली एसआईआर में 74,07,207 लोगों के नाम हटाए गए हैं जिसके बाद राज्य में 5,67,07,380 मतदाता पंजीकृत हैं। राज्य में इसी साल चुनाव होने हैं। अब तक कुल 8 राज्यों-यूटी की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। एमपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की लिस्ट 21 फरवरी, लक्षद्वीप, पुडुचेरी की अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी और गुजरात की 17 फरवरी को जारी हुई थी।

पश्चिम बंगाल में 28 फरवरी को लिस्ट आ सकती है। गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी इसी महीने आने की संभावना है। यूपी में 10 अप्रैल को फाइनल लिस्ट आएगी।

# देश की पहली आतंकवाद-विरोधी नीति जारी, प्रहार नाम दिया

**इसमें कहा- आतंकवादी इंटरनेट के जरिए भर्तियां और जिहाद का महिमामंडन करते हैं**

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने सोमवार को भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति जारी की। इसका नाम है प्रहार- PRAHAAR। आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। साथ ही खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही गई है।

केंद्र ने पहले पेज पर इंट्रोडक्शन और PRAHAAR का फुल फॉर्म बताया है। इंट्रोडक्शन में लिखा है- कुछ पड़ोसी देशों ने आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति के एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया है। फिर भी भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, देश या सभ्यता से जोड़कर नहीं देखता।



नीति में कहा गया है कि आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल आपस में संपर्क, संगठन में भर्ती और जिहाद के महिमामंडन के लिए करते हैं। सरकार ने नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता।

सरकार ने प्रहार में कहा है कि भारत हर तरह के आतंकवाद की हमेशा कड़ी निंदा करता रहा है।

नीति में आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया गया है। सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

**सड़क हादसा** | 31 घायल, घायलों को एपेक्स ट्रॉमा-2 में भर्ती कराया गया है, आरोप है कि बस चालक नशे में धुत था

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पलटी डबल डेकर बस, पांच की मौत

महेश सिंह विशाल इंडिया

**लखनऊ।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गोसाईंगंज के जौखंडी गांव के पास सोमवार शाम साढ़े चार बजे डबलडेकर स्लीपर बस (एचएआर 55 एएफ 1323) पलट गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 31 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एपेक्स ट्रॉमा-2 में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि बस चालक नशे में धुत था।

पंजाब के लुधियाना से दरभंगा, बिहार जा रही बस में कुल 40 लोग सवार थे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बस जौखंडी गांव के पास पहुंची थी। आरोप है कि नशे में होने के कारण चालक को झपकी आ गई। इसके बाद अनियंत्रित बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना के समय अधिकांश यात्री सो रहे थे। हादसे से चीख पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने लगे। बाद में पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



33 घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी गोसाईंगंज भिजवाया गया जहां पांच घायलों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक बस हादसे में मरने वालों में तीन बच्चों के अलावा एक महिला और एक पुरुष शामिल हैं। मरने वालों की पहचान नहीं हो सकी है। शवों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शिनाख्त के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी जाएगी।

### मौके पर पहुंचे अफसर, घायलों का लिया हाल

पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर, जिलाधिकारी विशाख जी, परिवहन विभाग और यूपीडा के अफसर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने हादसे की वजह पता लगाने के निर्देश दिए। अफसरों ने एपेक्स ट्रॉमा-2 जाकर घायलों का हाल भी लिया। शासन ने घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं। सीएमओ ने भी अस्पताल पहुंचकर इलाज की व्यवस्था का जायजा लिया।

### हादसे में ये हुए घायल

बिहार के रहने वाले रूपेश, प्रभात, रोहित, रंजय कुमार, रमन कुमार, फरमान, रेनू देवी, सितारा देवी, पानीपत से बिहार जा रहे गौरव कुमार, ओमकार सिंह, रवींद्र कुमार, रघुनंदन, ऋषभदेव और राजू को हाथ में चोटें आई हैं। इसके अलावा सुलेखा, पूनम, काव्या, संजू, गुंजा, सिद्धार्थ, अभिलाषा, शिव कुमार, प्रमोद, रवींद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, रेणु देवी, राजेंद्र कुमार, राजकुमारी, हरियाणा के राजा कुमार, नेपाल के परशुराम और विमल भी घायल हैं।

# एआई समिट हंगामा, पुलिस ने 7 आरोपी किए गिरफ्तार

**यूथ कांग्रेस नेशनल प्रेसिडेंट से भी पूछताछ**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने 7वीं गिरफ्तारी की है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से यूथ कांग्रेस नेता जीतेंद्र यादव को गिरफ्तार किया।

सोमवार को पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष उदय भानु चिब से भी पूछताछ की है। ग्वालियर से हिरासत में लिए गए दो लोगों ने राजा गुर्जर और अजय कुमार के नाम शामिल हैं। आरोप है कि ये सभी शर्टलैस प्रदर्शन में शामिल थे। वीडियो के जरिए इनकी पहचान की गई है। दिल्ली की तिलक नगर थाना ने यह एक्शन लिया है। सभी को दिल्ली लाया गया है।

इस मामले में पुलिस गैर जमानती धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। 21 फरवरी को पटियाला कोर्ट ने पहले से गिरफ्तार 4 आरोपियों को 5 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा था।

दरअसल, 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर एआई समिट के दौरान शर्टलैस होकर पीएम मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 24 फरवरी 2026
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## बड़े-बड़े वादे लेकिन नहीं घट रही महंगाई



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत में महंगाई का मुद्दा आम आदमी की जेब पर सबसे ज्यादा असर डालता है। चुनावी सभाओं में नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं—महंगाई को काबू में लाने के, सब्जियों-दालों के दाम घटाने के, गैस सिलेंडर सस्ता करने के। सरकारें दावा करती हैं कि उनकी नीतियां जनता के हित में हैं, लेकिन हकीकत में आम आदमी को राहत महसूस नहीं होती। 2026 की शुरुआत में भी यही हाल है। जनवरी 2026 में खुदरा महंगाई दर 2.75 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो पिछले महीने के 1.33 प्रतिशत से काफी ज्यादा है। हालांकि यह आंकड़ा नई सीपीआई सीरीज (बेस ईयर 2024) के तहत आया है, जिसमें खाद्य वस्तुओं का वेटेज घटाकर लगभग 37 प्रतिशत कर दिया गया है, लेकिन आम जनता के लिए सब्जी, दाल, तेल और दूध के दाम अभी भी ऊंचे बने हुए हैं।

सरकार और आरबीआई का दावा है कि महंगाई नियंत्रण में है। आर्थिक सर्वे 2025-26 में कहा गया कि 2025 में महंगाई दर औसतन 1.7 प्रतिशत रही, जो सीपीआई सीरीज की शुरुआत से सबसे कम है। अच्छे मानसून, मजबूत अनाज भंडार, वैश्विक कीमतों में नरमी और जीएसटी सुधारों से यह संभव हुआ। लेकिन 2026 में स्थिति बदल रही है। खाद्य महंगाई जनवरी में 2.13 प्रतिशत हो गई, जबकि पुरानी सीरीज में यह नेगेटिव थी। पर्सनल केयर, हेल्थ और कपड़ों में महंगाई क्रमश: 19 प्रतिशत, 2.19 प्रतिशत और 2.98 प्रतिशत तक पहुंच गई। ट्रांसपोर्ट महंगाई कम (0.09 प्रतिशत) है, लेकिन रोजमर्रा की चीजें महंगी होने से घर का बजट बिगड़ रहा है।

क्यों नहीं घट रही महंगाई जैसी उम्मीद थी? कई कारण हैं। सबसे बड़ा बेस इफेक्ट है—2025 में खाद्य कीमतें बहुत कम थीं, इसलिए तुलना में 2026 में महंगाई ज्यादा दिख रही है। अगर कीमतें स्थिर भी रहें, तो भी आंकड़ा ऊपर जाएगा। दूसरा, वैश्विक अनिश्चितता—जियोपॉलिटिकल टेंशन, ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव और मौसम की मार। तीसरा, सप्लाई चेन में दिक्कतें, जैसे कुछ फसलों में उत्पादन प्रभावित होना या आयात पर निर्भरता। चौथा, नई सीपीआई सीरीज में खाद्य का कम वेटेज होने से कुल महंगाई कम दिखती है, लेकिन आम आदमी जो रोज बाजार जाता है, उसे सब्जी-फल-दाल के दामों का असर सीधा महसूस होता है।

नेता वादे तो करते हैं—महंगाई पर काबू, आम आदमी की सरकार, दाल-रोटी सस्ती होगी—लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। मध्यम वर्ग और गरीब तबका सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। मजदूरी बढ़ने की रफ्तार महंगाई से कम है, इसलिए क्रय शक्ति घट रही है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि महंगाई आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य से नीचे है, लेकिन आम आदमी पूछता है—फिर मेरी थाली क्यों महंगी हो रही है? व्यक्तिगत खर्च में स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यक्तिगत देखभाल की मदें बढ़ रही हैं, जो पहले से महंगी हैं।

सरकार ने कई कदम उठाए हैं—बफर स्टॉक पॉलिसी, निर्यात पर रोक-खोल, जीएसटी में कुछ राहत—लेकिन ये पर्याप्त नहीं लगते। आरबीआई ब्याज दरों पर नजर रख रही है, लेकिन अगर महंगाई बढ़ी तो दरें घटाने की उम्मीद कम हो जाती है। आम आदमी चाहता है कि वादे हकीकत बनें। बड़े-बड़े भाषणों से नहीं, बल्कि ठोस नीतियों से महंगाई काबू में आए।

अंत में, महंगाई सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि जीवन की कड़वी सच्चाई है। जब तक रोजमर्रा की जरूरतें सस्ती नहीं होंगी, वादे खोखले लगते रहेंगे। सरकार को चाहिए कि नीतियां जमीनी स्तर पर असरदार हों, ताकि अच्छे दिन सिर्फ नारे न रहें।

## कचरे का बोझ

सुप्रीम कोर्ट की इस गंभीर चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि ठोस कचरे का निस्तारण एक पर्यावरणीय मुद्दा मात्र नहीं है बल्कि यह जन-स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिये भी गंभीर चुनौती है। निस्संदेह, जब हम विकसित भारत के व्यापक लक्ष्य हासिल करने की बात करते हैं तो नागरिक जीवन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन भी एक अनिवार्य शर्त है। निस्संदेह, देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एक बड़ी नागरिक चुनौती बनी हुई है। देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र, कचरे के पहाड़ों से दबे लैंडफिल, अनुचित अपशिष्ट के अलग-अलग न होने तथा कचरे के प्रभावी निपटान की चुनौती से जूझ रहे हैं। ठोस कचरा निस्तारण से जुड़े नये नियम लागू होने से कुछ सप्ताह पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने देश में दशकों पुराने ठोस अपशिष्ट उपचार नियमों के अनुपालन में कोताही को लेकर चिंता व्यक्त की है। अदालत का मानना है कि बढ़ते कचरे का बोझ नागरिक जीवन की सुगमता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहा है। वहीं दूसरी ओर अमृत यानी अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन तथा स्मार्ट सिटीज जैसी प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में खामियों को उजागर किया है। यही वजह है कि न्यायालय ने समस्या की गंभीरता को महसूस करते हुए नियमों को सख्ती से लागू करने तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने की बात कही है। सही मायनों में यह समय की भी जरूरत है।

दरअसल, शीर्ष न्यायालय ने स्थानीय निकायों और निर्वाचित प्रतिनिधियों मसलन पार्षदों व कॉर्पोरेटरों को दायित्व दिया है कि वे क्षेत्र के नागरिकों में स्वच्छता व ठोस कचरे के निस्तारण हेतु जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की पहल करें। जनजागरण से ही विकट होती समस्या के निस्तारण में मदद मिल सकती है। इस दिशा में नरमी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। प्रारंभिक चरण में दायित्व निर्वहन में विफल रहने पर जुर्माना विकल्प हो सकता है। वहीं बार-बार नियमों का उल्लंघन करने कानूनी कार्रवाई अपरिहार्य है। निस्संदेह, ऐसे मामलों में शून्य सहिष्णुता स्वच्छता और ठोस कचरे के निस्तारण में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। साथ ही लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करना कर्तव्य की अनदेखी करने पर कड़ा संदेश दे सकती है। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों तथा नागरिक कल्याण संगठनों के बीच बेहतर तालमेल भी इस दिशा में कारगर भूमिका निभा सकता है। आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास के साथ होने वाली उपभोग की वृद्धि और परिणामस्वरूप अपशिष्ट उत्पादन में वृद्धि होना स्वाभाविक ही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा एक लाख करोड़ रुपये के निवेश से शहरी अवसंरचना में सुधार के लिये की गई पहल, सही दिशा में एक कदम है। हालांकि, यह एक हकीकत है कि नीति-निर्माताओं द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता दिए बिना भारत के शहर बढ़ती आबादी की मांगों को पूरा करने के लिये संघर्ष करते रहेंगे। ऐसे में ठोस कचरे से मुक्त भारत लक्ष्य महज एक सपना मात्र बनकर रह सकता है। लेकिन इसके बावजूद इस दिशा में सार्थक-सुनियोजित प्रयास दीर्घकाल में सार्थक साबित हो सकता है।



# मुफ्त रेवड़ी संस्कृति जीवंत लोकतंत्र के लिये घातक

- ललित गर्ग-




भारतीय लोकतंत्र की विडंबना यह है कि चुनाव आते ही जनसेवा का स्वरूप बदलकर जनलुभावन राजनीति में परिवर्तित हो जाता है। राजनीतिक दलों ने मुफ्त की योजनाओं को चुनावी सफलता का शॉर्टकट बना लिया है। मतदाताओं को तात्कालिक आर्थिक लाभ देकर वोट हासिल करने की प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है। आगामी तीन-चार माह में विधानसभा चुनाव होने है, इसी संदर्भ में जब असम, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हुई, तब इस संस्कृति का प्रभाव और स्पष्ट दिखाई देने लगा। इसी पृष्ठभूमि में देश की शीर्ष अदालत, सर्वोच्च न्यायालय, ने मुफ्त की योजनाओं के अनियंत्रित विस्तार पर गंभीर टिप्पणी की। यह टिप्पणी केवल कानूनी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को लेकर एक चेतावनी है।

लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनकल्याण है। राज्य का दायित्व है कि वह गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को सहारा दे। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं, न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी-ये सब कल्याणकारी राज्य की पहचान हैं। लेकिन जब जनहित और चुनावी लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समस्या जन्म लेती है। लक्षित समर्थन और अतिरेक उदारता में अंतर है। एक ओर ऐसी योजनाएं हैं जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती हैं, दूसरी ओर ऐसी घोषणाएं हैं जो केवल मतदाता को तात्कालिक राहत देकर उसे निर्भरता की आदत सिखाती हैं। जब राजस्व घाटे से जूझ रहे राज्य मुफ्त बिजली, मुफ्त यात्रा या नकद वितरण की घोषणाएं करते हैं, तो प्रश्न उठता है कि यह संसाधन कहां से आएंगे और इसकी कीमत कौन चुकाएगा? राजकोषीय अनुशासन किसी भी राज्य की आर्थिक सेहत का आधार है। यदि राज्य अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए खजाने को खाली करता है, तो दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। जो धन बुनियादी ढांचे के निर्माण, अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार और रोजगार सृजन में लगना चाहिए, वह वोटों की फसल काटने में खर्च हो जाता है। यह प्रवृत्ति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है। लोकतंत्र में मतदाता की स्वतंत्रता सर्वोपरि मानी जाती है। यदि मतदाता को परोक्ष रूप से आर्थिक प्रलोभन देकर प्रभावित किया जाता है, तो यह स्वतंत्र निर्णय की भावना को कमजोर करता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने तार्किक प्रश्न उठाया कि राज्य रोजगार सृजन और कौशल विकास पर अधिक ध्यान क्यों नहीं देते? वास्तव में रोजगार ही स्थायी सशक्तीकरण का माध्यम है। जब व्यक्ति अपने श्रम और कौशल से आय अर्जित करता है, तब उसमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास दोनों विकसित होते हैं। इसके विपरीत, निरंतर मुफ्त सुविधाएं व्यक्ति को निर्भर बनाती हैं। धीरे-धीरे परिश्रम की संस्कृति कमजोर पड़ती है और समाज में अकर्मण्यता की मानसिकता पनपने लगती है। यह स्थिति लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए खतरनाक है, क्योंकि लोकतंत्र केवल वोट डालने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सक्रिय और जिम्मेदार नागरिकता का नाम है। चुनाव पूर्व घोषित योजनाओं की निष्पक्षता भी प्रश्नों के घेरे में है। जब आचार संहिता लागू रहने के दौरान बड़े पैमाने पर आर्थिक वितरण होता है, तो विपक्षी दल इसे असमान प्रतिस्पर्धा मानते हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष निगरानी की जिम्मेदारी भारत का निर्वाचन आयोग पर आती है। निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी दल मतदाताओं को अप्रत्यक्ष रिश्वत देकर चुनावी लाभ न ले। आचार संहिता का उल्लंघन केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादा का हनन है। यदि इस पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, तो भविष्य में यह प्रवृत्ति और गहरी जड़ें जमा सकती है। निस्संदेह, इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है कि राज्यों का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वे विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की खास तौर से देखभाल करें। हालांकि, जब राजस्व घाटे वाले राज्य मुफ्त की योजनाओं पर बड़ी रकम खर्च करते हैं, तो सरकारी खजाने पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि जिस धनराशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने और शिक्षा की सुविधा को समृद्ध करने के लिये किया जाना चाहिए, वो राशि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिये खर्च कर दी जाती है। जरूरत इस बात की है कि कौशल विकास के जरिये लोगों को इस तरह सक्षम बनाया जाए जिससे उन्हें दीर्घकालिक व स्थायी लाभ मिल सकें।


यह भी समझना होगा कि मुफ्त योजनाओं का हर स्वरूप गलत नहीं है। आपातकालीन परिस्थितियों में राहत देना, महामारी या प्राकृतिक आपदा के समय सहायता पहुंचाना, सामाजिक न्याय के तहत वंचित वर्गों को अवसर देना-ये सब राज्य की जिम्मेदारी है। परंतु चुनावी मौसम में अचानक घोषणाओं की बाढ़ आ जाना और दीर्घकालिक वित्तीय परिणामों की अनदेखी करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का संकेत नहीं है। यह राजनीतिक दलों के वैचारिक दिवालियेपन को दर्शाता है, जहां दूरदृष्टि की जगह तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता दी जाती है। लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सजगता से भी आती है। यदि मतदाता केवल तात्कालिक लाभ देखकर मतदान करता है, तो वह अनजाने में ऐसी संस्कृति को प्रोत्साहित करता है जो अंतत: उसी के भविष्य को प्रभावित करती है। परिपक्व मतदाता वही है जो घोषणाओं के पीछे की मंशा और आर्थिक व्यवहार्यता को समझे। वह यह पूछे कि पांच साल बाद राज्य की आर्थिक स्थिति क्या होगी, विकास की दिशा क्या होगी और रोजगार के अवसर कितने बढ़ेंगे। लोकतंत्र में वोट केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है।

आज भारत स्वयं को वैश्विक मंच पर एक सशक्त लोकतंत्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। हम विश्वगुरु बनने का संकल्प लेते हैं, लेकिन यदि हमारी राजनीति लोकलुभावनवाद के जाल में उलझी रहेगी, तो यह संकल्प खोखला सिद्ध होगा। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का गौरव तभी सार्थक है जब हमारी नीतियां दूरदर्शी, संतुलित और टिकाऊ हों। मुफ्त की संस्कृति से बाहर निकलकर उत्पादकता, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना ही वास्तविक प्रगति का मार्ग है। यह समय आत्ममंथन का है। राजनीतिक दलों को समझना होगा कि जनता को सशक्त बनाना केवल धन बांटने से संभव नहीं है। शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार-ये चार स्तंभ किसी भी राष्ट्र की मजबूती तय करते हैं। यदि इन पर निवेश बढ़ेगा, तो नागरिक आत्मनिर्भर बनेंगे और राज्य पर बोझ कम होगा। वहीं, नागरिकों को भी यह ठानना होगा कि वे तात्कालिक प्रलोभनों के बजाय दीर्घकालिक विकास को प्राथमिकता देंगे। लोकतंत्र की सुदृढ़ता तभी सुनिश्चित होगी जब शासन और जनता दोनों अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें।

निस्संदेह, चुनावी निष्पक्षता के लिये यह आवश्यक हो गया है कि चुनाव से पहले घोषित की गई या लागू की गई लोकलुभावनी नीतियों व योजनाओं की गहन पड़ताल की जाए। विपक्षी दलों द्वारा बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया था कि पिछले साल अक्तूबर में आचार संहिता लागू रहने के दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिला लाभार्थियों को 15,600 करोड़ रुपये दिए गए थे। जो कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध कदम था। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को अपरोक्ष रूप से रिश्वत देने के प्रयासों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही इस दिशा में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में कार्रवाई भी करनी चाहिए। निर्विवाद रूप से चुनाव प्रक्रिया में कोई भी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाना हमारे जीवंत लोकतंत्र के लिये हानिकारक है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की प्रवृत्ति लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करती है। यह कार्य करने की मानसिकता को बाधित करती है और समाज में सरकार-निर्भरता एवं अकर्मण्यता की संस्कृति को जन्म देती है। यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो आर्थिक असंतुलन और राजनीतिक अविश्वास दोनों बढ़ेंगे। इसलिए आवश्यक है कि नीतियों की पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और चुनावी निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यही लोकतंत्र की वास्तविक रक्षा है, यही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3810



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो -3809 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

सीदा-साधा चमन लड़कियों से बहुत दूर भागता था। वह नए साल की पार्टी मनाने के लिए घर से निकला ही था कि सामने चौराहे पर एक सुंदर, सजी-धजी युवती पर उसकी निगाह पड़ी।

युवती ने भी उसे देखा और अपने हाथ के गुब्बारे उसकी ओर बढ़ाकर शरारत भरे अदाज में कहा- 'डार्लिंग...! अब चले... पार्टी मनाने।'

चमन लड़खड़ाकर बोला- नहीं! मैंने आज से लड़कियों से दूरी बनाने का संकल्प लिया है।

□ □ □

रमन- 'यार, कल रात घर पहुँचने पर काफी देर तक दरवाजा खटखटाता रहा, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। आखिर मुझे रात बाहर ही गुजारनी पड़ी।'

चमन- 'फिर सुबह उठकर उन्हें डाँटा की नहीं?'

रमन- 'नहीं यार! कैसे डाँटता...। आँखें खुलने पर देखा तो पता चला कि मैं घर का नहीं बीयर बार का दरवाजा खटखटा रहा था।'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3810



### बायें से दायें:-

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

### ऊपर से नीचे:-

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3809

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ता | | रो | श | नी | | धू | म |
| क्स | | क | सौ | टी | | ल | ज्जा | | स्त |
| | अं | त | | क | स | म | | भा | |
| जो | श | | कं | प | नी | | आ | र | जू |
| रू | | दि | | ड़ा | | जी | न | त | |
| का | ज | ल | | औ | र | त | | | पा |
| गु | | ज | रू | र | त | | पा | ल | की |
| ला | ड़ | ला | | म | न | | य | | जा |
| म | | | शा | का | | जा | ल | | |
| | फ | र | दी | न | खा | न | | फि | दा |

## सूडोकु -3810

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3809 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## शब्द पहेली - 3810



### बाएँ से दाएँ

2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

### ऊपर से नीचे

1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

शब्द पहेली -3809 का हल



# तीन मेट्रो प्रोजेक्ट का अप्रैल में शिलान्यास

## आरआरटीएस नहीं आने पर ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 से नॉलेज पार्क-5 तक होगा विस्तार



**नोएडा।** नोएडा में तीन मेट्रो प्रोजेक्ट का शिलान्यास एक साथ अप्रैल महीने में किया जाएगा। इसकी तैयारी की जा रही है। दो रूट को आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय (महुआ) से अनुमति मिल गई है। इसमें सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन तक और दूसरी ग्रेटरनोएडा डिपो से जुनपत तक। तीसरा रूट सेक्टर-51 से ग्रेटरनोएडा सेक्टर-4 तक है। इसका प्रस्ताव महुआ को भेज दिया है।

एनएमआरसी के एमडी कृष्णा करुणेश ने बताया कि तीसरा रूट पहले नॉलेज पार्क-5 तक था। लेकिन आरआरटीएस का रुट प्रस्तावित होने से मेट्रो को सेक्टर-4 ग्रेटरनोएडा तक लेकर जाएंगे। यहां आरआरटीएस कनेक्ट हो जाएगी। यदि आरआरटीएस अपना प्रोजेक्ट नहीं बनाती तो इसी मेट्रो को आगे नॉलेज पार्क-5 तक लेकर जाएंगे। वहां इसे आरआरटीएस से लिंक करेंगे। इससे नोएडा, दिल्ली के लोगों को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक बेहतर कनेक्टिविटी मिल जाएगी। उन्होंने बताया किया तीनों मेट्रो रूट का शिलान्यास एक साथ किया जाएगा। ताकि प्रोजेक्ट समय पर पूरे हो सके। दो रूट का टोपो ग्राफी और स्वायल टेस्टिंग का काम प्रक्रिया में है। महुआ से फाइल होते ही तीसरे रूट की डिटेल्ड ड्राइंग डिजाइन तैयार की जाएगी।

### बॉटेनिकल गार्डन सेक्टर-142 तक

11.56 किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड कॉरिडोर को स्वीकृति मिल चुकी है। इसे चार साल में पूरा किया जाएगा। परियोजना पर 2,254.35 करोड़ रुपये की लागत से 8 स्टेशनों वाला कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसमें बॉटनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108 नोएडा सेक्टर-93, पंचशील बालक इंटर कॉलेज है।

### सेक्टर-51 से ग्रेटरनोएडा सेक्टर-4 तक

सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-4 तक जाएगा। ये रूट करीब 7.5 किमी लंबा होगा। इसमें चार स्टेशन पहला सेक्टर-61, सेक्टर-70, सेक्टर-122-123 और ग्रेटरनोएडा सेक्टर-4 होगी। इस प्रोजेक्ट को बनाने में करीब 1 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसे महुआ को भेजा गया है।

### ग्रेनो डीपो से बोडाकी

एक्वा मेट्रो की मौजूदा लाइन को डिपो स्टेशन से 2.6 किलोमीटर आगे बोड़ाकी तक बढ़ाने की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। मेट्रो रूट के इस विस्तार पर करीब 416 करोड़ 34 लाख रुपये का खर्च आएगा। इसमें 2 नए मेट्रो स्टेशन जुनपत गांव और बोड़ाकी बनेंगे। डिपो स्टेशन पहले से मौजूद है।

# नोएडा में लिफ्ट में आधे घंटे फंसे रहे चार लोग

## बच्चे-बुजुर्ग, महिला को हुई घुटन, परिजनों ने बिल्डर पर किया हंगामा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसायटी के एल-9 टावर में सोमवार शाम एक लिफ्ट में नौ वर्षीय बच्चे सहित चार लोग लगभग आधे घंटे तक फंसे रहे। लिफ्ट का पंखा बंद होने के कारण अंदर घुटन की स्थिति बन गई, जिससे बच्चे और बुजुर्ग महिला को काफी परेशानी हुई। इस घटना के बाद परिजनों और अन्य निवासियों ने टावर के नीचे बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा किया।

सोसायटी निवासी अचिन राठौर ने बताया कि सोमवार शाम उनकी बुजुर्ग मां, नौ साल का बेटा, पत्नी और बहन ग्राउंड फ्लोर से बेसमेंट की ओर लिफ्ट से जा रहे थे। लिफ्ट जैसे ही नीचे की तरफ बढ़ी, अचानक झटका लगा और वह बीच में अटक गई। काफी प्रयास के बावजूद लिफ्ट का दरवाजा नहीं खुला। अंदर फंसे लोगों ने पहले अलार्म और कॉल बटन दबाया, लेकिन तत्काल कोई मदद नहीं मिली।

परिजनों का आरोप है कि लिफ्ट का पंखा भी काम नहीं कर रहा था। बंद डिब्बे जैसी स्थिति में हवा का प्रवाह न होने से अंदर लोगों को घुटन महसूस होने लगी। नौ वर्षीय बच्चा घबराने लगा और उसे सांस लेने में दिक्कत हुई। इस दौरान बुजुर्ग महिला की भी हालत बिगड़ने लगी। अंदर से लगातार दरवाजा पीटकर और चिल्लाकर मदद मांगी गई।

पास से गुजर रहे एक सोसायटी निवासी को आवाज सुनाई दी, जिसके बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए और प्रबंधन को सूचना दी गई। हालांकि, मेंटेनेंस स्टाफ समय पर नहीं पहुंचा, जिसको लेकर सोसायटी के लोगों में नाराजगी पैदा हो गई।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि सुरक्षा कर्मियों ने लिफ्ट का गेट खोलने में असमर्थता जताई और कहा कि उन्हें तकनीकी जानकारी नहीं है।

## नोएडा में यूपीएसआरटीसी चलाएगा 100 बसें

**नोएडा।** नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए यहां 100 बस चलेंगी। ये बस यूपीएसआरटीसी चलाएगा। इसमें वीजीएफ स्टेट गनर्वमेंट की ओर से दिया जाएगा। प्राधिकरण सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि इसके लिए एक एसपीवी बनाई जाएगी। ये कंपनी प्राधिकरण के साथ मिलकर रूट तय करेगी। जब तक ये बस नहीं आती तब तक 50 बस वैकल्पिक चलाएंगे। जिनको बाद में हटा लिया जाएगा। ये बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए होंगी। उन्होंने बताया कि दो से तीन मुख्य रूटों पर करीब 20-20 बस चलाएंगे। जिसमें नोएडा से ग्रेटरनोएडा वाया एक्सप्रेस वे इसके अलावा नोएडा से ग्रेटरनोएडा वेस्ट और ग्रेटरनोएडा के लिए और तीसरा नोएडा से जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट शामिल है।

### एसपीवी में नोएडा के अधिकारी होंगे शामिल

एसपीवी में नोएडा में जीएम स्तर के अधिकारी को शामिल किया जाएगा। प्राधिकरण के साथ मीटिंग करने के बाद ही रूटों को डिसाइड किया जाएगा। उसी अनुसार बस स्टैंड भी बनाए जाएंगे। ये बस यूपीएसआरटीसी की होंगी। उन्ही के चालक और परिचालक भी होंगे। वीजीएफ स्टेट गवर्नमेंट की ओर दिया जाएगा। प्राधिकरण इसके बीच समन्वय और बसों को खड़ा करने के लिए लॉजिस्टिक देगा। इन बसों के चलने से करीब 5 लाख लोगों को फायदा होगा। दरअसल अभी मेट्रो और आरआरटीएस आने में काफी समय लगेगा। ऐसे में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ये बस काफी महत्वपूर्ण होंगी। नोएडा में मेट्रो के अलावा टैंपो और ई रिक्शा से ही लोग आते जाते है। ऐसे में सिटी बस चलने से लोगों को फायदा होगा।

# ग्रेटर नोएडा में पहला श्रमिक सुविधा केंद्र शुरू

### दादरी विधायक तेजपाल नागर ने किया उद्घाटन, उद्योगों-श्रमिकों को मिलेगा लाभ



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईकोटेक-3 में पहले श्रमिक सुविधा केंद्र का सोमवार को दादरी विधायक तेजपाल नागर ने शुभारंभ किया। यह केंद्र ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा निर्मित किया गया है। उद्घाटन के दौरान प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव और इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित उपाध्याय भी मौजूद रहे। विधायक ने केंद्र के संचालन की जिम्मेदारी उद्यमी संगठन को सौंपी।

यह सुविधा केंद्र कुशल कारीगरों और उद्यमियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से बनाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-3 ने सेक्टर ईकोटेक-3 स्थित उद्योग केंद्र टू में पानी की टंकी के पास इसका निर्माण कराया है। लगभग 10 लाख रुपये की लागत से इसका निर्माण चार माह में पूरा हुआ।

केंद्र में महिला और पुरुष दोनों कुशल कारीगरों के लिए बैठने के कमरे, शौचालय और किचन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। रोजगार की तलाश में आए कारीगर यहां बैठ सकेंगे। सुविधा केंद्र में दो रजिस्टर रखे जाएंगे- एक में श्रमिकों के नाम और संपर्क नंबर दर्ज होंगे, जबकि दूसरे में उद्यमियों की श्रमिकों की आवश्यकता (कार्य का प्रकार और संख्या) की जानकारी होगी। इससे उद्यमी अपनी जरूरत के अनुसार कारीगरों को बुला सकेंगे।

श्रमिक सुविधा केंद्र का संचालन और श्रमिकों तक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन को सौंपी गई है।

उद्घाटन के अवसर पर दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि यह सुविधा केंद्र श्रमिकों और उद्यमियों के बीच एक सेतु का कार्य करेगा। उन्होंने जोर दिया कि उद्योगों के लिए कुशल श्रमिक आवश्यक हैं, और श्रमिकों को रोजगार की आवश्यकता होती है। यह केंद्र दोनों की जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगा। विधायक ने इस पहल के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की सराहना भी की। इस दौरान श्रमिकों को शॉल और मिठाई भी भेंट की गई।

इस अवसर पर प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, प्रबंधक प्रशांत समाधिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नोएडा में काली थार का खूनी कहर

## तेज़ रफ़्तार से टक्कर मार कर उड़ाए ई-रिक्शा के परखच्चे, 4 की हालत गंभीर

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर में रफ़्तार का जुनून थमने का नाम नहीं ले रहा है। नोएडा के सेक्टर-49 में एक बार फिर तेज़ रफ़्तार महिंद्रा थार कार का कहर देखने को मिला है। एक नई नवेली काली थार ने तेज रफ्तार से ई-रिक्शा को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि थार का पहिया तक टूटकर अलग हो गया। रिक्शा में सवार बरौला गाँव के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है. सोशल मीडिया पर मीडिया पर वायरल हो रहे हादसे के वीडियो में साफ़ देखा जा सकता है, कि नई काली थार ने किस कदर ई-रिक्शे को अपनी चपेट में लिया। सड़क किनारे पड़े खून के निशान और



क्षतिग्रस्त वाहन इस हादसे की भयावहता की गवाही दे रहे हैं। थार कार चालक पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले ट्रैफिक को फिर बहाल कर दिया है। पुलिस के अनुसार नोएडा के बरौला गांव के राजेश, अनूप, राकेश व ओमप्रकाश सोमवार शाम को ई-रिक्शा से जा रहे थे। सेक्टर 49 आरडब्ल्यूए के गेट के पास थार कार का चालक तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया। ई-रिक्शे में टक्कर मार दी।

चारों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। चारों को नजदीक के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। चारों का उपचार चल रहा है। थार कार चालक पुलिस की हिरासत में है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। कार पर नंबर प्लेट न होने पर चालक के खिलाफ कार्रवाही कर रही है।

## जिला मुख्यालय पर यादव जी की लव स्टोरी का विरोध

**गौतम बुद्ध नगर।** 27 फरवरी को रिलीज होने वाली फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर आज जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। यादव समाज, गौतम बुद्ध नगर, आर्य समाज और भारतीय किसान यूनियन मंच के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल रोक लगाने और इसके निर्माता, निर्देशक तथा कलाकारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में, प्रदर्शनकारियों ने जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में फिल्म के आपत्तिजनक शीर्षक और सामग्री पर चिंता व्यक्त की गई।

## लाइनमैन की मौत : फॉल्ट ठीक करते समय करंट लगा, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी में बिजली विभाग की एक बड़ी लापरवाही ने एक और कर्मचारी की जान ले ली है। आरोप है कि शटडाउन लेने के बावजूद लाइन में करंट चालू था, जिसकी चपेट में आने से लाइनमैन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए बिजली कर्मचारियों और परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर नेशनल हाईवे-91 जाम कर दिया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग की जा रही है। ये तस्वीरे बिजली लाइनमैन रवि है जिसकी करंट लगने से मौत हो गई। साथियों का आरोप है कि नियमों के मुताबिक शटडाउन लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद लाइन में करंट कैसे आ गया, यह जांच का विषय है। लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि शटडाउन होने के बाद भी लाइन चालू थी, अधिकारियों की बड़ी लापरवाही जिसकी वजह से रवि की जान गई है, गुस्साए कर्मचारियों और रवि के परिजनों ने शव को बादलपुर क्षेत्र में बिजली सब-स्टेशन के सामने सड़क पर रखकर नेशनल हाईवे-91 जाम कर दिया। बिजली कर्मचारियों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार लाइनमैन इसी तरह अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन विभाग सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। हाईवे जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। सूचना मिलते ही मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स और विद्युत विभाग के आला अधिकारी मौके पहुँचे, और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ-साथ परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# नोएडा में 18वीं मंजिल से गिरकर महिला मजदूर की मौत

### साइट पर कर रही थी काम, ईंट देते समय बिगड़ा बैलेंस

**नोएडा।** नोएडा में 18वीं मंजिल से गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई।

महिला एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद वहां मौजूद अन्य मज़दूरों ने घायल महिला को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, हालत बेहद गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

हालांकि, अभी तक महिला के परिजनों ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। यह घटना सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के सेक्टर-43 की है।

महिला की पहचान सुखी सोरेन (28) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। फिलहाल वह नोएडा के सलारपुर में पति के साथ किराए के कमरे में रह रही थी।

हादसे के समय उसका पति भी मौके पर मौजूद था। दोनों सेक्टर-43 स्थित एक सोसाइटी की निर्माणाधीन बिल्डिंग में एक साथ काम कर रहे थे।

बताया गया कि काम के दौरान सुखी सोरेन ऊपर मंजिल पर ईंट दे रही थी।

इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह 18वीं मंजिल से नीचे गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### थाना प्रभारी बोले- शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी

सेक्टर-39 थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। यदि मृतका के परिजन कोई शिकायत दर्ज कराते हैं तो उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा में 5 साल के बच्चे का शव मिला

## 6 दिन से लापता था, जेसीबी की मदद से तालाब से निकाला गया शव

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में पांच दिन से लापता पांच साल के बच्चे का शव सोमवार सुबह तालाब में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा क्रेन की मदद से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान ईशु (5) पुत्र इंद्रपाल के रूप में हुई है।

पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला बिसरख कोतवाली क्षेत्र के चिपियाना बुजुर्ग गांव का है।

### मंदिर के पास खेलते समय लापता हुआ था

मूल रूप से फर्रुखाबाद के रहने वाले इंद्रपाल परिवार के साथ चिपियाना बुजुर्ग में भैरव बाबा मंदिर के पास किराये पर रहते हैं। इंद्रपाल पास की एक फैक्ट्री में काम करते हैं, जबकि उनकी पत्नी घरेलू सहायक हैं। परिवार में पत्नी, एक बेटी और बेटा ईशु था।

परिजनों के मुताबिक, 17 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे ईशु अपनी



बहन के साथ मंदिर के पास खेलने गया था।

शाम को बहन घर लौट आई, लेकिन ईशु वापस नहीं आया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दो दिन पहले गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### फोटो न होने से तलाशने में दिक्कत

परिजनों के पास बच्चे की हाल की फोटो नहीं होने के कारण तलाश में परेशानी हुई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आसपास खोजबीन की। एक बार परिजनों ने दूसरे बच्चे को ईशु समझ लिया, लेकिन बाद में वह दूसरा बच्चा निकला।

### सुबह तालाब में दिखा शव

सोमवार सुबह मंदिर के पास तालाब में एक बच्चे का शव उतराता देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने हाइड्रा क्रेन बुलाकर रस्सी के सहारे एक युवक को तालाब में उतारा। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला गया। परिजनों ने उसकी पहचान ईशु के रूप में की। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक फैल गया। फिलहाल परिजनों की ओर से किसी पर आरोप नहीं लगाया गया है।

एसीपी बिसरख पवन कुमार ने बताया कि बच्चे की पहचान ईशु पुत्र इंद्रपाल के रूप में हुई है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बच्चा खेलते हुए तालाब में गिर गया था। पुलिस को इसमें किसी आपराधिक कृत्य का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर तालाब की सफाई न कराने और हादसों को रोकने के लिए कोई कदम न उठाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तालाब में अक्सर ऐसे हादसे होते रहते हैं। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में युवक को पाइप से पीटा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सुत्याना गांव में एक युवक की बीच बाजार में पाइप से पिटाई का वीडियो सामने आया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुत्याना गांव निवासी अंशुल सिंह के रूप में हुई है। यह घटना ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के सुत्याना गांव की है। सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक सड़क पर दूसरे युवक को पाइप से पीट रहा है। इस दौरान आसपास खड़े लोग घटना को देखते रहे। पुलिस के अनुसार, सुत्याना गांव निवासी धीरज ने अंशुल की दुकान के सामने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दी थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में गाली-गलौज में बदल गई। इसके बाद अंशुल ने प्लास्टिक की पाइप से धीरज पर हमला कर दिया। वीडियो में अंशुल धीरज पर लगातार पाइप से वार करता दिख रहा है। वहां मौजूद कुछ लोगों ने अंशुल को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुका और धीरज को पीटता रहा। घटना के दौरान किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## ग्रेटर नोएडा में मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के करौली अंडरपास के पास रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और भागने का प्रयास किया। बदमाश सलमान पुत्र बुखारी निवासी मोहल्ला आरापुरी, थाना कैराना, जिला शामली गोली लगने से घायल हो गया। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। दूसरे आरोपी असलम पुत्र अकबर निवासी ग्राम रोहिन्दा, थाना अरनिया, जिला बुलंदशहर को पुलिस ने कॉम्बिंग अभियान चलाकर गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे .315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की एक चोरी की मोटरसाइकिल और गोवध के लिए रखे उपकरण बरामद किए गए।

## हत्या के आरोपी की जमानत याचिका निरस्त की

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने हत्या के मामले में आरोपी मोहित की पांचवीं जमानत अर्जी निरस्त कर दी। आरोपी के खिलाफ नोएडा सेक्टर-39 थाने में मुकदमा दर्ज है। अभियोजन के अनुसार वादी राजेश कुमार ने 22 दिसंबर 2021 को मुकदमा दर्ज करवाया था। वादी के मुताबिक उसके भाई राम सिंह की अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। राम सिंह का शव सेक्टर-104 क्षेत्र स्थित हाजीपुर गेट नंबर-2 के पास मिला था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मोहित का नाम प्रकाश में आने का दावा किया था।आरोपी ने सह-आरोपियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में आरोपी के वकील ने जमानत के लिए पांचवीं बार अर्जी लगाई थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि जमानत अर्जी में ऐसा कोई नया तथ्य, साक्ष्य या परिस्थितियों में परिवर्तन प्रदर्शित नहीं किया गया, जिससे पूर्व आदेश से भिन्न दृष्टिकोण अपनाया जा सके। इस कारण जमानत देना उचित नहीं है।

## डिप्टी रजिस्ट्रार ने एओए चुनाव पर लगाई रोक

ग्रेटर नोएडा। डिप्टी रजिस्ट्रार ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पंचशील हाइनिश सोसाइटी की अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के चुनाव पर रोक लगा दी। उनका कहना है कि जब तक चुनाव का मामला उप जिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन है, तब तक चुनाव नहीं होगा। सोसाइटी में रहने वाले अनुज सैनी, संजीव शर्मा, आनंद शर्मा और रोहन भगत ने बताया कि परिसर में अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन मनमानी तरीके से कार्य कर रही है। उसकी ओर से सोसाइटी में दोबारा से चुनाव करने का शेड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक मीटिंग कर उसमें अपने खास साथियों को समिति में लाकर धांधली करके चुनाव कराने का प्रयास किया जा रहा है।एक मार्च को चुनाव कराने की तारीख घोषित कर दी गई है। इसके बाद लोगों में आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने इसके विरुद्ध शिकायत की। लोगों का कहना है कि अभी पूर्व चुनाव को लेकर ही एसडीएम दादरी के न्यायालय में मामला विचाराधीन है। ऐसे में दोबारा से चुनाव कराना नियमों के विरुद्ध है। वहीं, सोमवार को लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय में जाकर शिकायत की।

## गाजियाबाद में नाले में डूबकर व्यापारी की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सिहानीगेट थाना क्षेत्र में 4 फीट गहरे नाले में गिरने से एक किराना व्यापारी की मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। व्यापारी को अस्पताल भिजवाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि व्यापारी की स्कूटी को किसी वाहन ने टक्कर नहीं मारी, बल्कि स्कूटी अनियंत्रित होकर गिरने से हादसा हुआ। घटना रविवार आधी रात की है। रात 11 बजकर 54 मिनट पर पीआरवी को सूचना मिली कि सिहानीगेट थाना क्षेत्र के पटेलनगर स्थित रॉयल ग्रीन होटल के सामने एक व्यक्ति स्कूटी समेत नाले में गिर गया है। राहगीरों ने उसे एमएमजी अस्पताल भिजवाया। सूचना पर सिहानीगेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अस्पताल जाकर जानकारी जुटाई। स्कूटी नंबर के आधार पर मृतक की पहचान शंकर लाल गर्ग (48), पुत्र जितेंद्र कुमार, निवासी पक्की मोरी, डासना गेट, थाना कोतवाली के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई योगेश गर्ग ने बताया कि शंकरलाल की किराना की दुकान है।

## 14 मार्च को गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 14 मार्च 2026, शनिवार को राष्टीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला कचहरी गाजियाबाद परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के लंबित मामलों का त्वरित और आपसी सहमति से निपटारा करना है, जिससे उन्हें लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से राहत मिल सके। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश पर यह लोक अदालत आयोजित की जा रही है। गाजियाबाद में इसका आयोजन जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विनोद सिंह रावत के मार्गदर्शन में होगा। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इनमें आपराधिक शमनीय मामले, धारा 138 एनआई एक्ट के चेक बाउंस मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से संबंधित केस, बिजली और पानी के बिल विवाद, दीवानी व फौजदारी के छोटे मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, पारिवारिक विवाद, दाम्पत्य विवाद और उत्तराधिकार से जुड़े मामले शामिल हैं।

## अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल पर आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी में गोवर्धन अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल पर एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन फ्लैट का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया। फ्लैट से धुआं निकलता देख बिल्डिंग में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। वैशाली फायर स्टेशन की दो दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। फायर कर्मियों ने नीचे से ऊपर तक पाइपलाइन बिछाई और पानी की तेज धार से आग बुझाने का काम शुरू किया। आग लगे फ्लैट के अंदर दो एलपीजी सिलेंडर भी रखे थे, जिससे खतरा और बढ़ गया था। दमकल कर्मियों ने दोनों सिलेंडर सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। फायर टीम की मुस्तैदी के कारण आग आसपास के फ्लैटों तक नहीं फैल सकी।

# पीलीभीत में वृहद रोजगार मेले के दौरान राज्य मंत्री ने दिखाई संवेदनशीलता

## दिव्यांग युवती को रोजगार प्रक्रिया में प्राथमिकता, इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



**पीलीभीत।** उपाधि महाविद्यालय में आयोजित वृहद रोजगार मेला 2026 के दौरान उस समय भावुक क्षण देखने को मिला, जब एक दिव्यांग युवती ने राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार से रोजगार दिलाने का निवेदन किया। मंत्री ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और युवती की नियुक्ति प्रक्रिया सुनिश्चित कराने को कहा। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इसी दौरान दिव्यांग बहन ने मंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखी। मंत्री ने बिना विलंब किए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्रता के अनुरूप उसे रोजगार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उसकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि उनके लिए जनसेवा ही सर्वोपरि है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके रहते किसी भी बहन को असुविधा या उपेक्षा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

जरूरतमंदों तक सम्मान, संवेदना और अवसर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। मौके पर मौजूद लोगों ने मंत्री की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। रोजगार मेले में आए युवाओं ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से जरूरतमंदों को नई दिशा मिलती है।

## दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** जाखौरा पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जखौरा पुलिस द्वारा वारण्टियों अमर सिंह पुत्र भरोसे पाल उम्र करीब 52 वर्ष नि0 ग्राम विनैकाटोरन थाना जखौरा ललितपुर, नीरज बरार पुत्र मम्मू बरार उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम मुहारा थाना जखौरा ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर सम्बंधित मा0 न्यायालय पेश किया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस मय टीम आदि शामिल रहे।

## 7800 किमी साइकिल यात्रा पर निकलीं आशा मालवीय



ललितपुर। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले की रहने वाली आशा मालवीय इन दिनों अपने साहस, संकल्प और देशभक्ति के जज़्बे से लोगों को प्रेरित कर रही हैं। नारी शक्ति, देशभक्ति और अदम्य साहस के उद्देश्य के साथ वह 7800 किलोमीटर की लंबी साइकिल यात्रा पर निकली हैं। जयपुर से शुरू हुई उनकी यह यात्रा गुजरात होते हुए कन्याकुमारी तक जाएगी। फिलहाल वह ललितपुर पहुंच चुकी हैं और अब तक 3100 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आशा मालवीय का उत्साहवर्धन किया और उनके इस साहस भरे कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि नारी शक्ति अगर ठान ले तो वह सब कुछ कर सकती हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र के कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। इसके लिए सरकार नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी नारी शक्ति की ताकत, साहस और दृढ़ता का सम्मान करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करती है, केन्द्र व प्रदेश की सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में अनेक पहलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा मालवीय को उज्वल भविष्क की शुभकामनाएं देते हुये जनपद के पर्यटन चित्र भेंट किये।

# शार्ट न्यूज

## स्कूली बस की टक्कर से हाईस्कूल छात्र की दर्दनाक मौत, एक की हालत गंभीर

**हरिनारायण यादव ब्यूरो विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** नगसर हाल्ट थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव के पास सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में हाईस्कूल परीक्षा देने जा रहे एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब गोंहदा हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे दो किशोरों की बाइक को सामने से आ रही एक अनियंत्रित स्कूली बस ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों किशोर सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने बेटाबर खुर्द निवासी 15 वर्षीय संदीप कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया, जबकि चकमेदनी नंबर दो निवासी 16 वर्षीय मान सिंह का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। संदीप अपने पिता सुखदेव सिंह कुशवाहा का इकलौता पुत्र था। उसकी दो छोटी बहनें अंजली और प्रतिमा हैं। बेटे की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। संदीप के पिता ने बताया कि सोमवार को परीक्षा का तीसरा दिन था। पहले दो दिन वह साइकिल से गया था, लेकिन इस दिन वह दोस्त के साथ बाइक से निकला था। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बस को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## सहारनपुर में महिला की हत्या

**सहारनपुर।** सहारनपुर में एक महिला की हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया। महिला पशुओं के लिए चारा काटने के लिए जंगल में गई थी। जब काफी देर तक महिला घर नहीं लौटी तो परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश की। देर रात को घर से करीब एक किलोमीटर दूर महिला का शव जंगल में पड़ा मिला। मौके पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके सैंपल उठाए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना थाना बेहट क्षेत्र के पूजने में हुई है। थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम फरकपुर नवादा निवासी कविता (43) पत्नी काला का शव उसके गांव से एक किलोमीटर दूर बेहट कोतवाली क्षेत्र के गांव पूजनेकी में मिला है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, कविता 22 फरवरी की दोपहर में पड़ोस में एक शादी समारोह में खाना खाने गई थीं। वहां से लौटने के बाद वह भैंसों के लिए घास लेने जंगल की ओर चली गईं। काफी समय बीतने के बाद जब वह घर नहीं लौटीं तो परिजनों को चिंता हुई। ग्रामीणों ने आसपास के खेतों और जंगल में तलाश शुरू की। देर शाम उनका शव जंगल में पड़ा मिला।

## बेटियों ने पिता की गर्दन रेतकर हत्या की

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में एक बेटी ने अपने पिता की गला रेतकर हत्या कर दी। उसकी 16 साल की छोटी बहन ने भी उसका साथ दिया। दोनों ने रात को चारपाई पर ही सो रहे पिता का दरांती से गला रेत दिया। उनके पेट और कंधे पर भी कई वार किए। सोमवार की सुबह जब मां ने शव देखा तो चीख पड़ीं। महिला की आवाज सुनकर पड़ोसी भी दौड़ते हुए उनके घर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी। भीड़ जुटती देख दोनों बेटियां रोने का नाटक करने लगीं। पुलिस को बेटियों से पूछताछ में शक हुआ। सख्ती से पूछताछ में बड़ी बेटी टूट गई। पिता की हत्या की बात कबूल कर ली। घटना भोपा थाना क्षेत्र के मोरना की है। मोरना के रहने वाले रामप्रसाद (55) का शव सोमवार सुबह घर के मेन गेट के पास लहूलुहान हालत में चारपाई पर मिला। उनकी गर्दन और शरीर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे। पत्नी चंद्रकली ने सुबह करीब 7 बजे पति का शव देखा तो शोर मचाया। इसके बाद गांव के लोगों की भीड़ लग गई। पत्नी चंद्रकली, दो बेटे अमित और सुमित, बेटी कोमल व 16 साल की नाबालिग बेटी रोने बिलखने लगीं।

## चलती ट्रेन में प्रेग्नेंट महिला पर चाकू से हमला

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चलती ट्रेन में एक प्रेग्नेंट महिला पर चाकू से हमला किया गया। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में वार किया गया। लात-घूंसे भी बरसाए गए। प्रेग्नेंट महिला की चप्पल किसी महिला ने पहन लिया था। इसका विरोध करने पर महिलाओं ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। खून से लथपथ हाल में करीब 7 घंटे तक वह तड़पते हुए सफर करती रही। प्रयागराज पहुंचने तक हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पति दो दिन से बेटे को लेकर भटक रहा, लेकिन स्न्ढ्ढक्र नहीं दर्ज की गई। पीड़ित महिला 23 साल की आसमा है जो रानीगंज प्रतापगढ़ की रहने वाली है। अपने पति हमीद के साथ मुंबई से साकेत एक्सप्रेस से प्रयागराज आ रही थी। उसे डफरिन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पति हमीद ने बताया- वह मुंबई में रहकर बस चलाता है। साथ में पत्नी आसमा व दो साल का बेटा रिजवान भी रहते हैं। 21 फरवरी को घर लौटने के लिए हम तीनों साकेत एक्सप्रेस में सवार हुए। हमें ट्रेन से पहले प्रयागराज आना था और इसके बाद यहां से प्रतापगढ़ जाना था।

## कानपुर में सड़क सुरक्षा पर प्रशासन सख्त

कानपुर। कानपुर में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने स्पष्ट कहा कि यातायात नियम सुझाव नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के नियम हैं और इनका पालन हर हाल में कराया जाएगा। बैठक में डीएम ने लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से पिछले तीन वर्षों में हुई रोड कटिंग का पूरा ब्यौरा मांगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन संस्थाओं ने सड़क काटने के बाद समय से मरम्मत नहीं कराई, उनके जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रावतपुर क्रॉसिंग से डबल पुलिया तक क्षतिग्रस्त सड़क के मामले में जल निगम/जलकल पर नाराजगी जताते हुए शासन को कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए गए। जनवरी 2026 में विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस ने 10,108 चालान किए, जिनमें सबसे अधिक ओवर स्पीड के मामले रहे। नवंबर और दिसंबर 2025 की तुलना में प्रवर्तन में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सख्ती का असर दुर्घटनाओं के आंकड़ों में भी दिखा। जनवरी 2025 के मुकाबले जनवरी 2026 में हादसे 37 से घटकर 24 रह गए, जबकि मृतक और घायलों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आई।

## कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन शुरू

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन विभाग, के जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर में अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कोर्स एक अप्रैल से शुरू हो रहा है इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई हैं, इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यार्थी जिनकी आयु सीमा 01-01-26 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, अपना आवेदन पत्र जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर में 25-03-2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट होनी चाहिए। हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय अनिवार्य हैं। एक वर्ष के इस कोर्स में अभ्यर्थी को बेसिक आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें। प्रवेश साक्षात्कार के माध्यम से होगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 27-03-2026 को एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक:-30-03-2026 को किया जायेगा। आवेदन-पत्र का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए मो0नं0-7007362396 पर अथवा जिला सेवायोजन कार्यालय एवं शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र, ललितपुर में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

# एनडीए पास कराने के नाम पर 4.49 लाख की ठगी, आरोपी गोवा से गिरफ्तार

## गैर जमानती वारंट पर कार्रवाई, 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर लाया जाएगा आरोपी

**पीलीभीत।** एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण कराने और 12वीं में प्रवेश दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली नगर पुलिस ने गोवा से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय से 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद पीलीभीत लाने की कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली नगर क्षेत्र के नकटादाना कॉलोनी निवासी शिकायतकर्ता ने 16 जुलाई 2025 को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, अजमेर (राजस्थान) में कक्षा 6 से 11वीं तक पढ़ा था। वर्ष 2024 में 11वीं कक्षा में फेल होने के बाद स्कूल के क्लास टीचर जेके शर्मा ने भरोसा दिलाया कि वह बच्चे को 12वीं में प्रवेश दिलाने के साथ ही एनडीए परीक्षा भी पास करा देंगे। इसके लिए देहरादून निवासी अपने मित्र रजनीकांत शर्मा से संपर्क कराने की बात कही गई।

### एडमिशन और एनडीए की गारंटी देकर वसूले लाखों रुपये

आरोप है कि रजनीकांत शर्मा ने वर्ष 2024-25 में 12वीं में प्रवेश और एनडीए उत्तीर्ण कराने की गारंटी देकर विभिन्न तिथियों में PI/RTGS/Paytm के माध्यम से कुल ?4,49,500 रुपये ले लिए। निर्धारित समय बीतने के बावजूद न तो 12वीं में प्रवेश हुआ और न ही एनडीए से संबंधित कोई कार्रवाई की गई। जब पीड़ित परिवार ने धन वापसी की मांग की तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मुकदमा दर्ज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से लोकेशन ट्रेस मामले में कोतवाली नगर पुलिस ने मु.अ.सं. 230/25 धारा 318(4)/316(2)/352/351(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद न्यायालय से गैर जमानती वारंट प्राप्त किया गया। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मदद से आरोपी की लोकेशन एसके रेजीडेंसी, थाना कोलवा, गोवा में मिली। 21 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने गोवा पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पीलीभीत में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू

## 48 प्रतिभागी ले रही हैं हिस्सा, पोषण ट्रैकर व मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण



**पीलीभीत।** महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ एवं निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, लखनऊ के निर्देशन में जिला ग्राम्य विकास संस्थान, पीलीभीत द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय आधारभूत आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जनपद की 48 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां प्रतिभाग कर रही हैं।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिला विकास अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विभिन्न विषयों को गहराई से समझना और सीखना है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों के ज्ञान, कौशल और कार्य के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें और अधिक दक्ष बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आपसी संवाद और अनुभव साझा करने का भी अवसर प्रदान करता है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का उपयोग कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाए तथा मातृ एवं शिशु पोषण पर विशेष बल दिया जाए। जितनी अधिक जागरूकता फैलेगी, उतना ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य बेहतर होगा। आईसीडीएस योजनाओं पर दी जाएगी विस्तृत जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आईसीडीएस के उद्देश्य एवं सेवाएं, अनुपूरक पोषाहार, प्री-स्कूल शिक्षा, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा पोषण ट्रैकर सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ गर्भवती माता ही स्वस्थ शिशु को जन्म देती है, इसलिए पोषण एवं देखभाल पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने सात दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में तकनीकी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि विभाग के अधिकांश कार्य अब पेपरलेस होते जा रहे हैं। पोषण ट्रैकर के प्रभावी उपयोग से कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता आएगी। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी अजय सिंह, मास्टर ट्रेनर रविश खान, राजेंद्र पाल सिंह, कनिष्ठ सहायक आशीष कुमार आनंद सहित समस्त प्रशिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा।

# पीलीभीत में युवती से लूट, टाइगर तिराहे के पास तीन बदमाशों ने छीना बैग

**पीलीभीत।** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में टाइगर तराई के निकट रविवार रात लूट की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बरेली से इलाज कराकर लौट रही एक युवती को तीन बदमाशों ने निशाना बनाते हुए उसका बैग छीन लिया और फरार हो गए। सूचना पर थाना पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास निवासी नफीस अंसारी की पुत्री बुशरा अंसारी के साथ हुई। परिजनों के अनुसार बुशरा अपनी मां की आंख के ऑपरेशन के सिलसिले में बरेली गई थी। दिनभर अस्पताल में रहने के बाद वह रात करीब आठ बजे मैजिक वाहन से पीलीभीत लौट रही थी। बताया गया कि जब वाहन सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में टाइगर तिराहे के पास पहुंचा तो चालक ने उसे वहीं उतार दिया। जैसे ही वह पैदल घर की ओर बढ़ी, पीछे से आए तीन युवकों ने उस पर झपट्टा मारकर कंधे पर टंगा बैग छीन लिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए बैग में मोबाइल, नकदी और जरूरी दस्तावेज थे पीड़िता के अनुसार बैग में एक मोबाइल फोन, लगभग 300 रुपये नकद और कुछ आवश्यक दस्तावेज रखे थे। अचानक हुई घटना से युवती घबरा गई, लेकिन किसी तरह घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी।

सूचना मिलते ही सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी और इंस्पेक्टर नरेश त्यागी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। बाद में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में डॉक्टर का सुसाइड, प्रोफेसर पत्नी बेहोश

**झांसी।** झांसी की बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में डेंटिस्ट डॉक्टर ने सुसाइड कर लिया। उन्होंने सोमवार सुबह पत्नी-बच्चों के साथ नाश्ता किया।

दोनों बच्चों को स्कूल भेज दिया। 9 बजे पत्नी भी ड्यूटी पर चली गईं। इसके बाद पंखे से फंदा बनाकर जान दे दी। घटना की जानकारी तब हुई जब मेड काम करने पहुंची।

मेड के काफी देर तक गेट खटखटाने पर गेट नहीं खुला। ये देखकर पड़ोसी बाहर आ गए। डॉक्टर की पत्नी को फोन मिलाकर सूचना दी। महिला प्रोफेसर के पहुंचने पर गेट की जाली काटी गई। इसके बाद अंदर की कुंडी खोली गई। पत्नी ने अंदर जाकर देखा तो पति का शव पंखे से लटक रहा था। यह देखते ही वह बेहोश हो गईं।

पड़ोसियों से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। राधिका चौधरी बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। वह परिवार के साथ यूनिवर्सिटी कैंपस में ही रहती हैं।

उनके पति डॉ. नीरज कुरील पेशे से डेंटिस्ट थे। घटना नवाबाद थानाक्षेत्र की है।

# बेनहर चौराहे से आवास विकास चौराहे तक यशवंतरी मंदिर मार्ग का लोकार्पण

## 28 दिन 28 लोकार्पण : डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया शिलापट अनावरण

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों को तेजी देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 28 दिन, 28 लोकार्पण अभियान के अंतर्गत वार्ड संख्या 08 में यशवंतरी मंदिर मार्ग का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शिलापट का अनावरण कर किया।

पालिका द्वारा कराए गए निर्माण कार्य के तहत बेनहर चौराहे से आवास विकास चौराहे तक नवनिर्मित सड़क का निर्माण कराया गया है। सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है।




इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि होली का पर्व निकट है और इसके बाद चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने वाली है। यशवंतरी देवी मंदिर पर नवरात्रि के दौरान विशाल मेला लगता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवरात्रि से पूर्व इस मार्ग का निर्माण पूर्ण कर लोकार्पण कराया गया है।

लोकार्पण के दौरान क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों ने छतों से फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया और सड़क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सभासद विपिन गंगवार (राजू फौजी), साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, सुनीता सिंह, राशिद हुसैन, शिवम श्रीवास्तव, परविंदर सिंह सैहमी, गौरव अवस्थी, नरेन्द्र तिवारी, विपिन मिश्रा, पंकज तिवारी, विपिन त्यागी, सुखदीप सिंह, पंकज राजपूत, अरविंद राठौर, सुनील सैनी, विकास चंद्र गुप्ता, गगनदीप, कमलेश वर्मा, सनी मौर्य, अंकित मौर्य, विपुल पांडेय, राहुल पांडेय, राजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान : महिलाओं को किया जागरूक



**ललितपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

## स्कूली बच्ची पर चढ़ा ट्रक, सिर धड़ से अलग

**प्रयागराज।** प्रयागराज में स्कूल जा रही 10 साल की बच्ची के ऊपर से ट्रक गुजर गया। उसका सिर धड़ से अलग हो गया। हादसा इतना भीषण था कि सिर सड़क पर ही चिपक गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। बच्ची के कंधे पर स्कूली बैग टंगा रहा। सोमवार सुबह बच्ची मामा और भाई के साथ बाइक से स्कूल जा रही थी, तभी सामने से रॉन्ग साइड में आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बच्ची सड़क की ओर गिर गई ।जबकि मामा और छोटा भाई दूसरी ओर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे ट्रक के पहिए के नीचे बच्ची आ गई और सिर पूरी तरह से सड़क में चिपक गया। हादसे की दिल दहला देने वाली तस्वीर सामने आई है।

# अंधविश्वास, जातिगत भेदभाव मिटाने को संत गाडगे ने उठाई आवाज : राज्यमंत्री

## संत गाडगे की जयंती पर धूमधाम से नगर में निकाली गयी शोभायात्रा

**ललितपुर।** राष्ट्रीय रजक समाज भारत के तत्वाधान में स्वच्छता के जनक महान संत गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा अपने निर्धारित स्थान श्री तुवन मंदिर के सामने से प्रारंभ हुयी। जिसका समापन डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क पर हुआ। शोभायात्रा में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल रजक नीलू, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव समाजवादी महिला सभा गीता मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, विनोद मिश्रा, ब्रजेश राजपूत, माधव पाठक



सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राहुल रजक गोलू ने की। डा. अम्बेडकर पार्क स्थल पर एक सभा का आयोजन हुआ। जहां अतिथियों ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने गांव गांव जाकर सफाई अभियान चलाया था। उन्होंने अंधविश्वास, जाति पांति भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए धर्मशालाएं, छात्रावास सहित अनेक विद्यालय बनवाए। भजन कीर्तन एवं प्रवचनों के जरिए समाज को जागरूक किया। वहीं राज्य महिला आयोग की सदस्या ने संत गाडगे महाराज के पद चिन्हों पर चलने की अपील की। इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए हमें संत गाडगे के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन रामगुलाम श्रीवास ने किया। इस दौरान हंसू रजक, एड. रविकांत, महेश श्रीवास, प्रभुदयाल श्रीवास, विवेक श्रीवास, देवेंद्र श्रीवास, अमित राजन, हरीओम रजक, पंकज श्रीवास, लालाराम रजक, कन्हैयालाल रजक, मुकेश रजक, फूलचंद्र रजक, रतिराम रजक, श्रीराम रजक, राजेश रजक, रूपेश रजक, पुन्नीलाल, हरीश, सनत रजक, राजाराम, चंद्रपाल सिंह ठाकुर, धीरज यादव, राजाराम शर्मा, रामकुमार, सनी, सूरज, बद्री सेन, संतोष कुशवाहा, भरतलाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप अगले महीने जाएंगे चीन की यात्रा पर, टैरिफ पर रहेगा फोकस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 31 मार्च से दो अप्रैल तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान ट्रंप अपने चीनी समकक्ष शी जिनफिंग से मुलाकात करेंगे और टैरिफ समेत कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इस यात्रा की पुष्टि की। यह यात्रा ऐसे समय में घोषित की गई है, जब सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप की ओर से आयातित वस्तुओं पर लगाए गए शुल्कों (टैरिफ) को रद्द कर दिया है। इनमें चीन के खिलाफ लगाए गए कुछ शुल्क भी शामिल थे।

### 379 राजनीतिक कैदियों की जल्द रिहाई, विरोधी नेताओं को राहत

**वेनेजुएला, एजेंसी।** राजनीतिक कारणों से कैद 379 लोगों को इस सप्ताहांत रिहा किया जा सकता है। यह रिहाई हाल ही में पारित आम क्षमा कानून के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इस कानून के तहत विपक्षी सदस्य, कार्यकर्ता, मानवाधिकार रक्षक, पत्रकार और कई अन्य कैदियों को लाभ मिलेगा। विशेष आयोग के अध्यक्ष जॉर्ज अरेजा ने कहा कि 379 क्षमा आवेदन प्राप्त हुए हैं और शुक्रवार से शनिवार तक रिहाई की प्रक्रिया पूरी होगी। कानून के तहत हत्या, मादक पदार्थ तस्करी, गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन और सैन्य विद्रोह में दोषी पाए गए लोग शामिल नहीं हैं। फोरो पेनाल के अध्यक्ष अल्फ्रेडो रोमेरो ने कहा कि यह असमान और असंवैधानिक है कि कुछ राजनीतिक कैदियों को बाहर रखा गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सभी राजनीतिक कैदियों पर कानून लागू होना चाहिए। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि यह कानून राजनीतिक नेताओं की सहिष्णुता बढ़ाने और देश में नए राजनीतिक मार्ग खोलने का संकेत है।

### अमेरिकी दबाव में वेनेजुएला ने क्यूबा के सुरक्षा बलों को हटाया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की सरकार पर अमेरिका की ओर से लैटिन अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण वामपंथी गठबंधन को खत्म करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। इसके कारण क्यूबा के सुरक्षा सलाहकार और डॉक्टर वेनेजुएला छोड़ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अपनी सुरक्षा के लिए वेनेजुएला के अंगरक्षकों को नियुक्त किया है।

### लेबनान पर इस्राइली हमले में हिजबुल्ला नेता समेत 14 मरे

**लेबनान, एजेंसी।** लेबनान के पूर्वी बेका घाटी में इस्राइली हमले में हिजबुल्ला के वरिष्ठ नेता समेत 14 लोग मारे गए। हमले में कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। लेबनान में हमले ऐसे समय में किए गए हैं जब परमाणु समझौते के मुद्दे पर ईरान व अमेरिका के बीच तनाव के कारण पश्चिम एशिया में अशांति का खतरा बढ़ गया है।

### अग्निकांड पीड़ितों के क्षतिग्रस्त घरों को खरीदेगी हांगकांग सरकार

**हांगकांग, एजेंसी।** हांगकांग की सरकार ने अग्निकांड के पीड़ितों के लिए पुनर्वास योजना का एलान किया है। इसके तहत लोगों से बुरी तरह जल चुके उनके अपार्टमेंट्स के मालिकाना हक खरीदने की पेशकश की गई है। सरकार का लक्ष्य प्रभावित लोगों को वित्तीय रूप से स्वतंत्र करना है ताकि वे कहीं और अपनी पसंद का घर ले सकें। नवंबर 2025 में वांग फुक कोर्ट में आवासीय परिसर में लगी भीषण आग ने 1948 के बाद की सबसे बड़ी तबाही मचाई थी, जिसमें 128 से अधिक लोग मारे गए और हजारों बेघर हो गए थे।

### मधेश में मस्जिद के सामने बारात निकालने पर दंगा, घरों में की तोड़फोड़; दो पुलिसकर्मी समेत आठ घायल

**नेपाल, एजेंसी।** नेपाल के मधेश प्रदेश के सीमावर्ती रौतहट जिले के गौर नगरपालिका क्षेत्र में मस्जिद के सामने से बारात निकालने पर दंगा हो गया। दो समुदायों में झड़प के बाद आगजनी की घटनाएं शुरू हो गईं। पथराव और मारपीट में दो पुलिसकर्मी समेत आठ लोग घायल हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने शनिवार दोपहर से अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। इसके बाजवूद गौर के भीतरी इलाकों में तनाव बना हुआ है। आगजनी की घटनाएं पूरी तरह नहीं रुक सकी हैं। प्रशासन के अनुसार, गौर नगरपालिका-6 स्थित सनगढ़ा गांव में बृहस्पतिवार शाम को मस्जिद में नमाज पढ़ी जा रही थी। इसी दौरान मस्जिद के सामने से बारात निकली, जिसमें बाजे बज रहे थे। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बाजा बजाए जाने पर आपत्ति जताई और बारात को रोक दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में झड़प हो गई। इस दौरान किसी ने एक वाहन में आग लगा दी। हालात को देखते हुए प्रशासन ने सैकड़ों दंगा पुलिस को इलाके में तैनात कर दिया।

# संविधान मानिए, एकतरफा नहीं चल सकता टैरिफ, राष्ट्रपति ट्रंप को नील कात्याल की खुली चुनौती



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** नील कात्याल का कहना है कि अगर टैरिफ वाकई अच्छे और जरूरी हैं तो सरकार को कांग्रेस को मनाकर कानून के जरिए मंजूरी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान भी यही प्रक्रिया बताता है। इस विवाद का सबसे बड़ा मुद्दा यही है कि क्या व्यापार घाटे को भुगतान संतुलन घाटा माना जा सकता है, जबकि आर्थिक और कानूनी विशेषज्ञ इसे अलग-अलग मानते हैं।

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लगाए गए नए वैश्विक टैरिफ (आयात शुल्क) को लेकर बड़ा कानूनी विवाद खड़ा हो गया है। मशहूर भारतीय-अमेरिकी वकील नील कात्याल ने ट्रंप के फैसले पर गंभीर सवाल उठाए हैं और कहा है कि अगर राष्ट्रपति को इतने बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाना है तो उन्हें संविधान के अनुसार कांग्रेस से मंजूरी लेनी चाहिए, न कि सिर्फ अपने अधिकारों का इस्तेमाल करके ऐसा करना चाहिए।

**ट्रेड एक्ट 1974 की धारा 122 का आधार कमजोर :** कात्याल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ट्रंप जिस कानून, ट्रेड एक्ट 1974 की धारा 122, का सहारा लेकर 15% तक का वैश्विक टैरिफ लगा रहे हैं, वह कानूनी तौर पर कमजोर आधार है। उन्होंने बताया कि पहले इसी मामले में अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि यह धारा यहां लागू ही नहीं होती, क्योंकि व्यापार घाटा और भुगतान संतुलन घाटा दोनों अलग चीजें हैं। अब सरकार उसी धारा का इस्तेमाल कर रही है, जो खुद उसकी पहले की दलील से टकराता है।

**अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ को किया रद्द :** यह विवाद ऐसे समय सामने आया है जब हाल ही में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के पुराने व्यापक टैरिफ को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने साफ कहा था कि टैक्स लगाने का अधिकार मुख्य रूप से कांग्रेस के पास होता है और राष्ट्रपति ने आईईईपीए कानून का गलत इस्तेमाल किया था। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने तुरंत नया रास्ता अपनाते हुए पहले 10% का वैश्विक टैरिफ लगाया, जिसे बाद में बढ़ाकर 15% कर दिया गया। ट्रंप ने इसे अस्थायी आयात शुल्क बताया और कहा कि यह अमेरिका के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए जरूरी है। कात्याल का कहना है कि अगर टैरिफ वाकई अच्छे और जरूरी हैं तो सरकार को कांग्रेस को मनाकर कानून के जरिए मंजूरी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान भी यही प्रक्रिया बताता है। इस विवाद का सबसे बड़ा मुद्दा यही है कि क्या व्यापार घाटे को भुगतान संतुलन घाटा माना जा सकता है - जबकि आर्थिक और कानूनी विशेषज्ञ इसे अलग-अलग मानते हैं।

पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने किया कात्याल का समर्थन इस बहस को और वजन तब मिला जब अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्री और आईएमएफ की पूर्व वरिष्ठ अधिकारी गीता गोपीनाथ ने भी कात्याल की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि कात्याल इंटरनेशनल इकॉनॉमिक्स की बुनियादी बात समझा रहे हैं और सरकार का तर्क आर्थिक दृष्टि से भी कमजोर लगता है। भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर पड़ सकता है असर इस बीच, इस फैसले का असर भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर भी पड़ सकता है। अमेरिकी अधिकारी पहले ही कह चुके हैं कि भारत समेत सभी देशों पर यह नया टैरिफ लागू होगा, जब तक कोई नया समझौता नहीं हो जाता। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस पूरे घटनाक्रम का अध्ययन कर रही है और उसके असर का आकलन किया जा रहा है।

# ईरान पर सीमित सैन्य हमले पर विचार कर रहे ट्रंप, खामेनेई व बेटे की हत्या का विकल्प

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाने के लिए सीमित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। व्हाइट हाउस में ट्रंप ने स्पष्ट किया, मैं कह सकता हूं कि मैं इस पर विचार कर रहा हूं। उन्होंने यह भी बताया कि अगले 10 से 15 दिनों के भीतर इस बारे में अंतिम निर्णय लिया जाएगा, हालांकि तेहरान के साथ किसी समझौते की संभावना अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। सीएनबीसी के रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा था कि ईरान पर हमला किया जाए या नहीं, इस पर वे 10 से 15 दिनों में फैसला लेंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अगर परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान के साथ समझौता हो जाता है, तो सैन्य कार्रवाई टाली जा सकती है। हालांकि ट्रंप पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है, तो वह जून में ईरानी परमाणु ठिकानों पर किए गए सीमित अमेरिकी हमलों से कहीं ज्यादा गंभीर होगा। परमाणु वार्ता में नहीं झुकेगा ईरान ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता के बीच उनका देश विश्व शक्तियों के दबाव के आगे नहीं झुकेगा।

**ट्रंप के सामने खामेनेई व बेटे की हत्या का विकल्प :** ट्रंप के सामने सैन्य विकल्पों के रूप में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके बेटे मोजतबा खामेनेई की लक्षित हत्या जैसे विकल्प भी प्रस्तुत किए गए हैं। हालांकि, राष्ट्रपति ने फिलहाल ईरान पर हमले के मुद्दे पर फैसला नहीं लिया है। ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार के हवाले से एक्सियोस ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष कई परिदृश्यों पर चर्चा की गई। इनमें से एक था- खामेनेई, उनके बेटे मोजतबा व अन्य मुल्लाओं को हमले में मार गिराना। मोजतबा को व्यापक रूप से उनके पिता के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता है। तेल बाजार पर असर - कीमतें स्थिर, लेकिन जोखिम बरकरार ईरान पर संभावित अमेरिकी कार्रवाई की आशंका के बीच वैश्विक तेल बाजार सतर्क नजर आ रहा है। इस सप्ताह ट्रेडरों द्वारा सैन्य जोखिम को कीमतों में शामिल किए जाने के बाद तेल में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई थी। शुक्रवार को अमेरिकी कच्चा तेल 4 सेंट गिरकर 66.39 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 10 सेंट बढ़कर 71.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# मिडिल ईस्ट पर इस्राइल का हक? अमेरिकी राजदूत के बयान से मचा बवाल, अरब देशों का तीखा विरोध

**तेल अवीव , एजेंसी।** इस्राइल में अमेरिका के राजदूत माइक हुकाबी के एक बयान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है। हुकाबी ने एक इंटरव्यू में कहा कि इस्राइल को मध्य पूर्व के बड़े हिस्से पर अधिकार हो सकता है। उन्होंने यह टिप्पणी अमेरिकी रूढ़िवादी कमेंटेटर टकर कार्लसन को दिए इंटरव्यू में की। कार्लसन ने बाइबिल के संदर्भ में पूछा था कि क्या इस्राइल को उस भूभाग पर अधिकार है, जो आज पूरे मिडिल ईस्ट के बड़े हिस्से में फैला है। इस पर हुकाबी ने कहा अगर वे सब ले लें तो भी ठीक होगा। हालांकि बाद में उन्होंने जोड़ा कि इस्राइल फिलहाल अपने क्षेत्र का विस्तार नहीं चाहता और उसे अपने वैध क्षेत्र में सुरक्षा का अधिकार है। अरब और मुस्लिम देशों की कड़ी प्रतिक्रिया हुकाबी के बयान के बाद सऊदी अरब, मिस्र, जॉर्डन, इस्लामिक सहयोग संगठन और अरब लीग ने कड़ी आपत्ति जताई। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने इसे अत्यधिक उग्र और अस्वीकार्य बयानबाजी बताया और अमेरिकी विदेश विभाग से स्पष्टीकरण की मांग की। मिस्र ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन कहा और दोहराया कि इस्राइल का कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों या अन्य अरब भूमि पर कोई संप्रभु अधिकार नहीं है। अरब लीग ने कहा कि ऐसे बयान क्षेत्र में धार्मिक और राष्ट्रीय भावनाओं को भड़काने का काम करते हैं।

**सीमाएं और संघर्ष का इतिहास :** 1948 में स्थापना के बाद से इस्राइल की सीमाएं कई युद्धों, संघर्ष विराम समझौतों और शांति संधियों के चलते बदलती रही हैं। 1967 के छह-दिवसीय युद्ध में इस्राइल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम, गाजा, सिनाई प्रायद्वीप और गोलान हाइट्स पर कब्जा किया था। बाद में मिस्र के साथ शांति समझौते के तहत सिनाई खाली किया गया और 2005 में गाजा से एकतरफा वापसी की गई। हाल के महीनों में इस्राइल ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार और प्रशासनिक बदलावों के जरिए नियंत्रण मजबूत करने की कोशिश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह वेस्ट बैंक के औपचारिक विलय की अनुमति नहीं देंगे।

# चीन के ह्यूमनॉइड रोबोट बने कुंग फू स्टार, एक साल में बदली तस्वीर; टेक रेस में अमेरिका को दी चुनौती



**बीजिंग , एजेंसी।** जो ह्यूमनॉइड रोबोट एक साल पहले सार्वजनिक प्रदर्शनों में गिरते-पड़ते नजर आते थे और जिनकी तकनीकी क्षमता पर संदेह जताया जाता था, वही अब कुंग फू फ्लिप्स, जिम्नास्टिक और हाई-प्रिसिजन डांस मूव्स के साथ चीन के स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में छा गए हैं। दुनिया के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले इस टीवी शो में चीनी स्टार्टअप्स के रोबोट्स ने यह साफ कर दिया कि तकनीक कितनी तेजी से आगे बढ़ रही है। इस प्रदर्शन ने जहां दर्शकों को रोमांचित किया, वहीं अमेरिका-चीन टेक रेस, नौकरियों के भविष्य और एआई आधारित मशीनों की बढ़ती ताकत पर वैश्विक बहस भी तेज कर दी है। हालांकि विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि असली परीक्षा अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल और जटिल मानवीय वातावरण में विश्वसनीय प्रदर्शन की होगी। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चीन के स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में इस बार कई स्टार्टअप कंपनियों के ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने हिस्सा लिया। इन रोबोट्स ने कुंग फू स्टंट, समन्वित नृत्य और जिम्नास्टिक जैसे जटिल प्रदर्शन किए। यह प्रस्तुति 2025 के गाला से बिल्कुल अलग रही, जब अपेक्षाकृत कम उन्नत रोबोट्स रूमाल घुमाते हुए लोकनृत्य करते नजर आए थे और उनकी चाल अस्थिर दिखी थी। पिछले वर्ष अप्रैल में आयोजित एक रोबोट मैराथन भी सुर्खियों में रहा था, जहां कई रोबोट ठोकर खाते, गिरते या तकनीकी खराबी के कारण रुक जाते देखे गए थे। उस समय इन मशीनों की विश्वसनीयता पर सवाल उठे थे। लेकिन केवल एक वर्ष में तकनीकी सुधार ने धारणा बदल दी है। इस संबंध में सेमीएनालिसिस के विश्लेषक रेक नूटसेन ने कहा कि अब इन रोबोट्स को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उनके अनुसार स्प्रिंग गाला के प्रदर्शन के बाद रोबोट पहले से अधिक संतुलित, लचीले और सक्षम दिखे हैं। निर्माण और तैनाती में चीन की शुरुआती बढ़त बार्कलेज के आंकड़ों के अनुसार 2025 में दुनिया भर में लगभग 15,000 ह्यूमनॉइड रोबोट इंस्टॉलेशन हुए, जिनमें से 85 प्रतिशत से अधिक चीन में थे, जबकि अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 13 प्रतिशत रही। बार्कलेज की थीमैटिक एफआईसीसी रिसर्च प्रमुख जोर्नित्सा तोदोरोवा के मुताबिक चीन की सबसे बड़ी ताकत उसकी लगभग पूर्णतः वर्टिकली इंटीग्रेटेड रोबोटिक्स वैल्यू चेन है।

# बलूचिस्तान की अम्मा हूरी का इंतजार अधूरा, लापता बेटे की राह देखते-देखते दुनिया को कहा अलविदा

**क्वेटा , एजेंसी।** लूचिस्तान की एक साहसी मां, अम्मा हूरी, जो अपने लापता बेटे गुल मोहम्मद मर्री की वापसी के लिए पिछले 14 वर्षों से संघर्ष कर रही थीं, का इंतजार कभी पूरा नहीं हुआ। 16 फरवरी को 80 वर्ष की उम्र में अम्मा हूरी ने अंतिम सांस ली। वह बलूचिस्तान की उन हज़ारों माताओं की प्रतीक बन गईं, जो पाकिस्तान सरकार की सामूहिक दंड की नीतियों का शिकार हो चुकी हैं।

अम्मा हूरी ने पिछले कई वर्षों में बिना थके अपने बेटे की वापसी के लिए शासन से कई बार अपील की, लेकिन उनका संघर्ष कभी सफल नहीं हुआ। वह जबरन गुमशुदगी के खिलाफ पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में धरनों और विरोध प्रदर्शनों में शामिल होती रही थीं। इसके अलावा, उन्होंने स्थानीय अदालतों और थानों में भी न्याय की मांग की, जिससे उनका संघर्ष एक प्रतीक बन गया था।

**बलूचिस्तान में लापता लोगों की समस्या :** रिपोर्टों के मुताबिक, अम्मा हूरी के बेटे गुल मोहम्मद मर्री को 2012 में कथित तौर पर पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा जबरन गायब कर दिया गया था। इसके बाद अम्मा हूरी अपने बेटे के लिए न्याय की लड़ाई लड़ती रही थीं, और यह संघर्ष पूरे बलूचिस्तान में एक राजनीतिक चेतना का हिस्सा बन गया। बलूचिस्तान की हर मां की तरह अम्मा हूरी ने भी लगातार प्रयास किए, लेकिन अंततः उनका इंतजार अधूरा ही रहा।

**सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष :** उनकी जैसी माताओं का दर्द अब बलूचिस्तान के जनजीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। "द बलूचिस्तान" की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अम्मा हूरी जैसे संघर्षशील व्यक्तियों ने बलूचिस्तान और पाकिस्तान राज्य के बीच के रिश्तों पर गहरा असर डाला है। बलूचिस्तान में लापता व्यक्तियों के परिवारों की अपीलों को पाकिस्तान सरकार द्वारा नजरअंदाज किया गया है, बावजूद इसके ये संघर्ष जारी रहे।


**'अम्मा हूरी' का संघर्ष और उनकी विरासत :** पाकिस्तानी समाचार पत्र डॉन के अनुसार, अम्मा हूरी ने जीवनभर अपने बेटे की वापसी की उम्मीद में सार्वजनिक रूप से न्याय की मांग की। वह अक्सर सड़कों पर और लापता व्यक्तियों के कैंप में अपने बेटे के लिए न्याय की आवाज उठाती थीं। उनके संघर्ष की कहानी अब तक कई अन्य बलूच महिलाओं को प्रेरित करती है, जो आज भी लापता व्यक्तियों के लिए संघर्ष कर रही हैं।

नसरुल्लाह बलूच, जो वॉयस फॉर बलूच मिसिंग पर्सन्स के चेयरमैन हैं, कहते हैं, "अम्मा हूरी के निधन के बाद उनकी लड़ाई को कोई नहीं भुला सकता।" सोशल मीडिया पर उनके संघर्ष के वीडियो और संदेश आज भी वायरल हो रहे हैं, जो उनकी दृढ़ता और साहस का प्रतीक बने हुए हैं।

# छह जनवरी के बाद ट्रंप के खाते बंद किए, जेपीमॉर्गन बैंक का कोर्ट में कबूलनामा; समझें पूरा विवाद

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** जेपीमॉर्गन चेज ने अदालत में स्वीकार किया कि 6 जनवरी 2021 के हमले के बाद ट्रंप और उनकी कंपनियों के खाते बंद किए गए थे। ट्रंप ने बैंक और जेमी डाइमोन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया है। उन्होंने राजनीतिक भेदभाव और ब्लैकलिस्ट में डालने का आरोप लगाया है। छह जनवरी 2021 को अमेरिकी कैपिटल पर हुए हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के बैंक खातों को बंद किए जाने का मामला फिर चर्चा में है। जेपीमॉर्गन चेज ने पहली बार अदालत में स्वीकार किया है कि फरवरी 2021 में ट्रंप और उनकी कुछ कंपनियों के खाते बंद किए गए थे। यह स्वीकारोक्ति उस मुकदमे के दौरान सामने आई है जिसमें ट्रंप ने बैंक और उसके प्रमुख जेमी डाइमोन पर 5 अरब डॉलर का दावा ठोका है। ट्रंप का आरोप है कि उनके खाते राजनीतिक कारणों से बंद किए गए, जिससे उनके कारोबार को नुकसान हुआ। दायर हलफनामे में बैंक के पूर्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डैन विल्कनिंग ने लिखा कि फरवरी 2021 में निजी बैंक और कमर्शियल बैंक से जुड़े कुछ खाते बंद करने की सूचना दी गई थी। अब तक बैंक केवल सामान्य तौर पर खाते बंद करने की नीतियों पर बात करता रहा था, लेकिन यह पहली बार है जब उसने सीधे तौर पर ट्रंप के खातों के बंद होने की पुष्टि की है। बैंक ने पहले कहा था कि यह मुकदमा बेबुनियाद है। ट्रंप ने यह मुकदमा पहले फ्लोरिडा की अदालत में दायर किया था, जहां अब उनका मुख्य निवास है। उनका कहना है कि बैंक ने 'ट्रेड लाइबल' किया और फ्लोरिडा के अनुचित और भ्रामक व्यापार कानून का उल्लंघन किया। मुकदमे में आरोप है कि जब खाते बंद किए जा रहे थे, तब ट्रंप ने जेमी डाइमोन से व्यक्तिगत रूप से बात की थी और उन्होंने मामले को देखने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में कोई कार्रवाई नहीं हुई। ट्रंप के वकीलों ने आरोप लगाया है कि बैंक ने राष्ट्रपति और उनकी कंपनियों को एक ब्लैकलिस्ट में डाल दिया। उनका कहना है कि इस सूची का उपयोग अन्य बैंक भी करते हैं। इससे भविष्य में नए खाते खोलने या सेवाएं लेने में दिक्कत आती है। वकीलों का दावा है कि इससे ट्रंप परिवार और उनके कारोबार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। यह मामला तथाकथित डीबैंकिंग की बहस को फिर से तेज कर रहा है। डीबैंकिंग तब होता है जब बैंक किसी ग्राहक के खाते बंद कर देता है या उसे सेवाएं देने से मना कर देता है। पिछले कुछ वर्षों में यह मुद्दा राजनीतिक रंग ले चुका है। कई रूढ़िवादी नेताओं का आरोप रहा है कि 6 जनवरी की घटना के बाद जोखिम के नाम पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। जेपीमॉर्गन अब इस केस को न्यूयॉर्क स्थानांतरित कराने की कोशिश कर रहा है, जहां खाते संचालित होते थे। यह ट्रंप का किसी बड़े बैंक के खिलाफ पहला मामला नहीं है। मार्च 2025 में ट्रंप ऑर्गनाइजेशन ने क्रेडिट कार्ड कंपनी कैपिटल वन पर भी इसी तरह का मुकदमा दायर किया था, जो अभी लंबित है।

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तान का हवाई हमला



**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान ने हालिया आतंकी हमलों के बाद अफगानिस्तान सीमा पर टीटीपी और अन्य आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। इस्लामाबाद ने हमलों के पीछे अफगान धरती से संचालित नेटवर्क का दावा किया।

पाकिस्तान ने रविवार तड़के अफगानिस्तान सीमा से सटे इलाकों में कथित आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले करने का दावा किया है। सरकार के मुताबिक यह इंटेलिजेंस आधारित, चयनित ऑपरेशन था, जिसमें प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और उसके सहयोगी गुटों के सात ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में मरने वाले लोगों का आधिकारिक आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने सोशल मीडिया पर बताया कि सीमा क्षेत्र में इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक गुट के ठिकानों पर भी प्रहार किया गया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया कि हमले अफगानिस्तान के किस हिस्से में हुए। काबुल की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**अफगानिस्तान के पक्तिका में मदरसे पर हमला, कई जिलों में एयरस्ट्राइक :** अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में एक धार्मिक मदरसे पर पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा हवाई हमला किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस कार्रवाई में लड़ाकू विमानों ने बरमल के अलावा नंगरहार प्रांत के खोगयानी जिले में भी कई ठिकानों को निशाना बनाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब तक पक्तिका के बरमल और अर्गुन तथा नंगरहार के खोगयानी, बहसूद और गनी खेल जिलों में कई हवाई हमले किए गए हैं।

**हालिया आत्मघाती हमलों के बाद कार्रवाई :** यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब हाल के दिनों में पाकिस्तान में आतंकी हमलों में तेजी आई है। बाजौर जिले में एक आत्मघाती हमलावर ने सुरक्षा चौकी को निशाना बनाकर 11 सैनिकों और एक बच्चे की जान ले ली थी। इसके अलावा बन्नू जिले में भी एक और आत्मघाती हमले में दो सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने पहले ही चेतावनी दी थी कि वह जिम्मेदार लोगों के खिलाफ स्थान की परवाह किए बिना कार्रवाई करेगी। इस बयान से इस्लामाबाद और काबुल के बीच बढ़ते तनाव के संकेत मिले थे। अफगान धरती से साजिश का आरोप अताउल्लाह तरार ने दावा किया कि हाल के हमले, जिनमें इस महीने इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद पर हुआ आत्मघाती हमला भी शामिल है, अफगानिस्तान में बैठे नेतृत्व के इशारे पर अंजाम दिए गए। पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी अफगान क्षेत्र से संचालित हो रहा है, हालांकि काबुल और टीटीपी दोनों इन आरोपों से इनकार करते रहे हैं।

# टी20 विश्व कप: टी20 विश्वकप के सुपरआठ में आज होगा इंग्लैंड और पाकिस्तान का मुकाबला

**पल्लीकेली (एजेंसी)।** इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीम आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-आठ में मंगलवार को आमने-सामने होंगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इंग्लैंड ने अपने पहले मुकाबले में मेजबान श्रीलंका को हराया है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। वहीं पाकिस्तान की टीम का पहला मुकाबला न्यूलीलैंड से बारिश के कारण नहीं हो पाया था। अब तक इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।ऐसे में वह खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। कोलंबो की पिच से धीमे गेंदबाजों को सहायता मिलने की उम्मीद है। पहले ही मैच में श्रीलंका पर 51 रनों की जीत से इंग्लैंड का रन रेट भी बेहतर हुआ है और वह ग्रुप में शीर्ष पर है।

इंग्लैंड को हालातों का भी लाभ मिले। उसने हाल ही में इसी जगह पर तीन मैचों की टी20 सीरीज में खेला था। वहीं सुपर 8 मैच में श्रीलंका को हराया था, जिससे उन्हें मुकाबले से पहले मनोवैज्ञानिक बढ़त मिली है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान टीम की बल्लेबाजी बेहद कमजोर है, अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम अब तक असफल रहे हैं। साहिबजादा फरहान के अलावा एक भी बल्लेबाज फार्म में नहीं है। पाक टीम उस्मान तारिक सहित अपने धीमे स्पिनरों के जरिये इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने का प्रयास करेगी। टीम के पास उस्मान के अलाव सैम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे गेंदबाज हैं।

ये पाकिस्तानी गेंदबाज इंग्लैंड की बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाने का पूरा प्रयास करेंगे। खेल के आखिरी स्टेज में पिच और धीमी होने की संभावना है। गेंदबाजों के पक्ष में हालात होने के कारण इस मुकाबले में स्पिन मैच का परिणाम तय करेंगे।

अब तक के आंकड़ों में इंग्लैंड की टीम हावी रही है। दोनो के बीच अब तक 31 मुकाबले हुए हैं। इसमें से इंग्लैंड ने 31 जबकि पाक ने केवल 9 मैच ही जीते हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल सॉल्ट, जैकब बेथेल, सैम करन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टंग, ल्यूक वुड।

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।




# पाक स्पिनर तारिक के एक्शन को लेकर दो खेमों में बंटे दिग्गज, अंपायर चौधरी ने भी उठाये सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप में इस बार पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक अपनी विवादस्पद गेंदबाजी के कारण निशाने पर हैं। तारिक गेंदबाजी के दौरान ही बीच में रुक जाते हैं जिससे बल्लेबाज संशय में फंस जाते हैं। उनके गेंदबाजी एक्शन पर कई दिग्गज क्रिकेटरों ने सवाल उठाये हैं हालांकि अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस गेंदबाज पर कोई कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में क्रिकेट जगत दो गुटों में बंट गया है। एक का मानना है कि तारिक की गेंदबाजी जादुई है वहीं दूसरे गुट का मानना है जिस प्रकार से ये गेंदबाज पूरी बांह वाली टी शर्ट पहनकर गेंदबाजी कर रहा है उसमें कुछ गड़बड़ है। ऐसे में आईसीस नॉकआउट मुकाबलों से पहले आईसीसी को इस गेंदबाज के एक्शन की जांच करनी चाहिये।

अंपायर अनिल चौधरी ने भी इस स्पिनर के एक्शन पर सवाल उठाते हुए कहा कि आंखिर वह पूरी बांह वाली टी-शर्ट ही क्यों पहने रहता है ? साथ ही कहा कि तारिक का मैदान पर और मैदान के बाहर हमेशा फुल टी-शर्ट पहनना समझ से परे है। इसके पीछे कुछ राज है। साथ ही कहा, 'जब कोई गेंदबाज भीषण गर्मी में भी अपनी आस्तीन नीचे नहीं करता और अभ्यास सत्र में भी हाफ टी-शर्ट पहनने से बचता है, तो मन में आशंका होना स्वाभाविक है। वह अपनी कोहनी के पास से क्या छुपाना चाहता है। हमने पहले भी देखा है कि संदिग्ध एक्शन वाले गेंदबाज कोहनी के मुड़ाव को छिपाने के लिए पूरी बांह की टी शर्ट पहनने रहे हैं। चौधरी के सोशल मीडिया पर उठाये इस सवाल के बाद पाक स्पिनर के एक्शन को लेकर बहस तेज हो वहीं एक दिग्गज पूर्व विकेटकीपर ने कहा कि इस गेंदबाज का बचाव करते हुए कहा कि उसकी गेंदबाजी में जो विविधता है, वो लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में देखने को मिली है. उन्होंने कहा, 'उनकी गेंद को विकेट के पीछे से देखना काफी अच्छा अनुभवी है। वो जिस तरह से फ्लाइट देते हैं और अचानक गेंद को तेज़ी से टर्न कराते हैं, वो काबिले-तारीफ है। अंपायरों को सबूतों पर बात करनी चाहिए, सिर्फ कपड़ों पर नहीं। इस बार पाक के सुपर-8 में पहुंचने में तारिक की अहम भूमिका रही है। उन्होंने अहम मौकों पर बड़े विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई है। इस गेंदबाज ने अभी तक किसी भी बायोमैकेनिकल टेस्ट में अपनी कोहनी की जांच नहीं करायी है। ऐसे में अगर जांच में उनकी कोहनी 15 डिग्री से अधिक मुड़ती दिखी तो उनपर प्रतिबंध लगना तय है।

# भारत और जिम्बाब्वे में विश्वकप फाइनल देखना चाहते हैं द्रविड़



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ के अनुसार भारतीय टीम विश्वकप फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है। द्रविड़ के अनुसार इस टूर्नामेंट में अब तक भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। सबसे अधिक सकारात्मक बात ये है कि टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर रही है। टीम में गहरायी है और उसका हर खिलाड़ी मैच का रुख मोड़ सकता है। साथ ही कहा कि दूसरी टीम के तौर पर अगर जिम्बाब्वे से फाइनल में भारत का मुकाबला होता है तो उन्हें खुशी होगी। उन्होंने कहा कि जिम्बाब्वे ने इस बार काफी अच्छा खेल देखाया है और वह भी फाइनल में खेलने की दावेदार बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम को अपनी मैच योजनाओं पर बने रहना चाहिए।

द्रविड़ ने से कहा, 'मुझे लगता है कि हम कुछ खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं हैं। हमारे पास टीम में गहराई है। तो आप उम्मीद कर सकते हैं कि यह गहराई निखरकर सामने आएगी। टी20 क्रिकेट में कुछ भी तय नहीं होता है। यह खेल का सबसे अस्थिर फॉर्मेट है, और किसी भी दिन, जैसा मैंने कोच के रूप में भी सीखा है, आप हार सकते हैं। इसलिए अपनी योजनाओं रहो, जो कर सकते हो करो और अच्छे की उम्मीद करो,।' टी20 विश्वकप में इस बार जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप मैच में जिस प्रकार से हराया है,उससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इसके बाद उसने श्रीलंका को भी हराया। द्रविड़ ने कहा, 'अगर यह जिम्बाब्वे फाइनल में पहुंचता है तो उसके क्रिकेट के लिए ये अच्छा अनुभव होगा। अगर जिम्बाब्वे फाइनल में पहुंचता है तो यह काफी अच्छा होगा। मैं चाहूंगा कि भारत के साथ कोई छोटी टीम भी फाइनल में पहुंचे। यह बहुत अच्छा होगा।' द्रविड़ ने कहा कि इस बार एसोसिएट देशों ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर सभी टेस्ट देशों को कड़ी टक्कर दी है। पाकिस्तान को नीदरलैंड्स से जबकि भारत को अमेरिका ने कड़ी टक्कर दी। उन्होंने कहा कि इस बार जिस प्रकार छोटी टीमों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बड़ी टीमों को अच्छी चुनौती दी उससे मुकाबलों का रोमांच बढ़ गया है। जिस प्रकार से इन टीमों ने खेला है,उससे मुझे काफी अच्छा लगा। इससे एसोसिएट देशों की प्रतिभा सामने आ रही है। इन सभी टीमों ने अच्छी अच्छा खेला है हालांकि मामुली अंतर से ये सुपर-8 में क्वालिफाई न कर पायी हैं पर भविष्य इनका काफी अच्छा है। इन टीमों के पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।

# टी20 विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका से शर्मनाक हार के बाद चेन्नई पहुंची टीम इंडिया, अब करो या मरो का मुकाबला

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम सोमवार को चेन्नई पहुंच गई। टीम 26 फरवरी को एमए चिदंबरम स्टेडियम में जिम्बाब्वे के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 के अपने दूसरे मैच के लिए चेन्नई में तैनात है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी20 विश्व कप 2026 के पहले सुपर 8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा।



इस बड़ी हार के साथ ही भारत को आईसीसी क्रिकेट के सभी श्वेत-गेंद प्रारूपों में 18 मैचों में पहली हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 2023 विश्व कप के फाइनल में भी भारत को इसी मैदान - नरेंद्र मोदी स्टेडियम - पर ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में रनों के अंतर से यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार थी। इससे पहले 2019 में वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ 80 रनों की हार हुई थी। टी20 विश्व कप के इतिहास में भारत को अपनी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

मैच की बात करें तो, डेविड मिलर (63) और देवाल्ड ब्रेविस (45) की चौथी विकेट के लिए शानदार 97 रनों की साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवरों में 187/7 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने तेज गति से खेलते हुए नाबाद 44 रन बनाए। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह (2/28), जसप्रीत बुमराह (3/15), वरुण चक्रवर्ती (1/47) और शिवम दुबे (1/32) ने विकेट लिए। 188 रनों का बचाव करते हुए दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। भारतीय बल्लेबाजों में से कोई भी अर्धशतक नहीं बना सका। शिवम दुबे ने 42 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोर किया और भारत ने मौजूदा चैंपियन को 18.5 ओवरों में मात्र 111 रनों पर ऑल आउट कर दिया और भारतीय टीम को 76 रनों से हरा दिया।

भारत के लिए अर्शदीप सिंह (2/28), जसप्रीत बुमराह (3/15), वरुण चक्रवर्ती (1/47) और शिवम दुबे (1/32) ने विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान एडेन मार्कराम (1/5), मार्को जानसेन (4/22), केशव महाराज (3/24) और कॉर्बिन बॉश (2/12) ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया।

## अब हमारा लक्ष्य टी20 विश्वकप जीतना : मंधाना




केनबरा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में मिली सफलता से टीम का मनोबल बढ़ा है और अब उसका लक्ष्य आगामी टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतना है। महिला टी20 विश्व कप इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मंधान ने कहा है टीम काफी अच्छा खेल रही है और उसकी सभी खिलाड़ी लय में हैं। टीम ने जिस प्रकार से एकदिवसीय विश्वकप जीता था, उसी तर्ज पर अब वह टी20 विश्वकप जीतना चाहती है। मंधाना ने कहा ''मुझे लगता है कि हम एक ऐसे बदलाव के दौर में हैं जहां हम विश्व क्रिकेट पर अपना प्रभाव बनाना चाहते हैं। हम किसे हराते हैं, कहां हराते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम बस उन्हें लगातार हराने और शीर्ष पर बने रहने में सफल होना चाहते हैं।''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में मंधाना ने 82 रन रन बनाये जिससे भारतीय टीम को आसानी से जीत मिली। मंधाना ने कहा, ''मुझे एडिलेड शहर बहुत पसंद है। यहां खेलने से पहले भी मुझे यहां शहर पसंद था। यह बहुत शांत और सुंदर शहर है।।''

## वरुण ने अर्शदीप का रिकार्ड तोड़ा : लगातार 18 पारियों में विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में एक विकेट लेते ही एक नया रिकार्ड बनाया है। वरुण अब लगातार 18 पारियों में विकेट लेने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। वरुण लगातार 18 पारियों में भारत के लिए विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इसके साथ ही तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पीछे छोड़ा। अर्शदीप सिंह ने साल 2024-25 में लगातार 17 पारियों में विकेट लेने का रिकार्ड बनाया था। वहीं वरुण चक्रवर्ती ने 2025-26 के बीच अब तक कुल 18 पारियों में एक या उससे अधिक विकेट लिए हैं। इसी सूची में तीसरे नंबर पर पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा है। नेहरा ने साल 2016 में 13 पारियों में एक या उससे अधिक विकेट लिए थे।

# भारतीय टीम की हार से गंभीर की लचर रणनीति पर फिर उठे सवाल



अहमदाबाद। टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर आठ के पहले ही मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम की करारी हार के लिए खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के साथ ही कोच गौतम गंभीर की रणनीति पर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारों का मानना है कि टीम के खराब प्रदर्शन के लिए गंभीर की लचर योजनाएं भी जिम्मेदार हैं।

मैच केवल मैदान पर नहीं खेला जाता बल्कि उससे कहीं ज्यादा दिमाग में खेला जाता है। टीम प्रबंधन ने यहां गलती कर दी। इसी कारण ग्रुप स्तर पर सभी मैच जीतने वाली टीम धीमी और काली मिट्टी के विकेट पर विफल रही। इस मैच में अंगुल के स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज सहज नहीं दिखे। न तो भारतीय टीम प्रबंधन की योजनाओं में स्पष्टता दिखी और न वह उन्हें अमल में ला पायी। यहां तक की पारी की शुरुआत कौन करेगा। ये भी अंत तक तय नहीं था। गंभीर अपने सबसे बेहतरीन 11 खिलाड़ी उतारने की बजाय लगातार प्रयोग करते दिखे। वह भी ऐसे समय तब कि एक ही टीम उतारी जानी चाहिये। मैच में उपकप्तान अक्षर पटेल की जगह पर अंतिम ग्यारह में वाशिंगटन सुंदर को उतरा गया। सुंदर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में विफल रहे। टीम में चयनित खिलाड़ी को ही अंत तक पता नहीं होता है कि वह अंतिम ग्यारह में है कि नहीं। इससे उनकी तैयार भी प्रभावित होती है जबकि विश्वकप खेलते समय टीम पहले से ही तय कर ली जाती है और वही पूरे समय खेलती है।

# एफआईएच प्रो लीग: स्पेन के खिलाफ आज जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी टीम इंडिया, साख दांव पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में जुझारु प्रदर्शन करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां स्पेन के खिलाफ होने वाले मैच में वापसी करके एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। नौ टीमों के इस टूर्नामेंट में अब तक भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। राउरकेला और होबार्ट में खेले गए दोनों चरणों में भारत को पांच हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच उसने ड्रॉ खेला।

**कोच क्रेग फुल्टन आलोचनाओं का सामना कर रहे**

टीम के इस लचर प्रदर्शन के कारण कोच क्रेग फुल्टन पर दबाव बढ़ गया है जो लगातार आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह के व्यक्तिगत कारणों से होबार्ट चरण से हटने के बाद युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह को कप्तानी सौंपी गई। होबार्ट चरण में स्पेन से पहला मैच 0-2 से हारने के बाद भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया था लेकिन उसे पेनल्टी शूटआउट में 4-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम हालांकि इस मैच से वर्तमान टूर्नामेंट का पहला अंक हासिल करने में सफल रही थी।



भारतीय टीम अब स्पेन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। इन दोनों टीमों के बीच वर्षों से कड़ी प्रतिस्पर्धा रही है, जिसमें दोनों ने एक दूसरे को समान रूप से टक्कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत एक समय जीत की स्थिति में था। अमित रोहिदास और जुगराज सिंह के गोल की बदौलत भारत ने 2-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन मैच के अंत में गोल खाने की वही पुरानी समस्या फिर से सामने आ गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जोरदार वापसी करते हुए पेनल्टी शूटआउट में मैच जीत लिया।

इससे पहले राउरकेला में खेले गए चारों मैचों में भारत की हार को देखते हुए इस टीम का अच्छा प्रदर्शन माना जा सकता है। राउरकेला में भारत को अर्जेंटीना से 0-8 की करारी शिकस्त भी मिली थी। पिछले मैच में शिलानंद लाकड़ा ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उनकी तेज दौड़ और रिवर्स-हिट ने ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को चकमा दे दिया, हालांकि बैक-स्टिक के इस्तेमाल के कारण उनके इस गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया। युवा आदित्य ललागे ने भी अपनी छाप छोड़ी। भारतीय टीम को अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए अब अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा क्योंकि नौ टीमों वाली एफआईएच प्रो लीग तालिका में वह छह मैचों में सिर्फ एक अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत के पीछे केवल पाकिस्तान है जिसने अब तक अपने सभी आठ मैच हारे हैं और अभी तक अपना खाता नहीं खोला है। होबार्ट चरण में भारतीय टीम स्पेन के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम मैच खेलेगी।

इसके बाद जून में यूरोप में मुकाबले होंगे, जहां भारत नीदरलैंड, बेल्जियम और इंग्लैंड में खेलेगा। लेकिन उससे पहले भारत का तात्कालिक लक्ष्य अंक हासिल करना और तालिका में आगे बढ़ना होगा। बेल्जियम (आठ मैच, 22 अंक) तालिका में अभी सबसे आगे है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया (सात मैच, 20 अंक) और अर्जेंटीना (आठ मैच, 17 अंक) का नंबर आता है। जापान में होने वाले एशियाई खेलों से पहले एफआईएच प्रो लीग में दमदार प्रदर्शन बेहद महत्वपूर्ण होगा। एशियाई खेल लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

# किदांबी श्रीकांत जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई



मुलहेम एन डेर रूर (जर्मनी)। दुनिया के पूर्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत मंगलवार से मुलहेम एन डेर रूर के वेस्टएनर्जी स्पोटहॉल में शुरू होने वाले जर्मन ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अगुवाई करेंगे। पुरुषों की एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत, इस साल की शुरुआत में इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दो क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद जर्मन ओपन में उतरेंगे। उन्हें आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने भारत के लिए अपने दोनों एकल रबर जीते थे। पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी श्रीकांत के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी होंगे। ओलंपियन और दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव पुरुष एकल में टॉप सीड हैं और पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु की गैरमौजूदगी में दुनिया की नंबर 40 तन्वी शर्मा महिला सिंगल्स में भारत की कमान संभालेंगी। तन्वी शर्मा, जो पिछले साल BWF वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप और यूएस ओपन में उप विजेता रही थीं, उनके साथ महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में तस्नीम मीर, मालविका बंसोड़, रक्षिता रामराज और इशारानी बरुआ होंगी। महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में भारत की अकेली जोड़ी अश्विनी भट और शिखा गौतम हैं।

# सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार पर निराश जताई, बोले अगले मैचों से वापसी करेंगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में मिली हार पर निशाना जताते हुए कहा कि उनकी टीम अगले मैच के साथ ही अच्छी वापसी करेगी। भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसके आगे के सफर पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब भारतीय टीम को अपने बचे हुए दोनो ही सुपर-8 बैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। हार के बाद सूर्यकुमार ने प्रशंसकों को टूर्नामेंट में वापसी का भरोसा दिया।

मैच के बाद उन्होंने कहा, 'जब हमने मैच शुरू किया तब से ही हमे उसमें बने हुए थे। हमने शुरुआत में अच्छी गेंदबाजी की पर बीच के ओवरों में विरोधी टीम ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी स्थित सुधार ली। उसके बाद भी हमारे गेंदबाजों ने विरोधी टीम को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। उसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए हम अच्छी शुरुआत नहीं कर पाये। साथ ही कहा कि आप पावरप्ले में गेम नहीं जीत सकते पर अपनी गलतियों से हार सकते हैं और यही इस मैच में हुआ। हमने पावरप्ले में कई विकेट खोए और उसके बाद हम छोटी-छोटी साझेदारी भी नहीं बना पाए हालांकि ये सब सब कुछ खेल का हिस्सा होता है। हम इससे सबक लेते हुए अगले मैच में गलतियों से बचेंगे। हमारा लक्ष्य बचे हुए दोनो ही मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाना रहेगा।'

इस मैच मे दक्षिण अफ्रीका से मिले 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन ही बना पायी। भारत की ओर से शीर्ष क्रम असफल् रहा केवल शिवम दुबे ही 42 रन बना पाये। वहीं अन्य बल्लेबाज 20 रनों से अधिक नहीं बना पाये। वहीं दक्षिण अफ्रीका की तरफ से डेविड मिलर और डेवाल्ड ब्रेविस ने 45 रन बनाये। इन दोनो के बीच 97 रनों की साझेदारी से दक्षिण् अफ्रीका एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। ने 20 रन पर तीन विकेट

सूर्यकुमार ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की अच्छी गेंदबाजी की सराहतना की। उन्होंने कहा,हर कोई जानता है कि इन दोनो की गेंदबाजी कितनी घातक रही है। दोनों ने आठ ओवर गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए और केवल 45 से 50 रन दिए। बुमराह ने 15 रन पर देकर तीन विकेट जबकि अर्शदीप सिंह ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन पहले ही ओवर में शून्य पर आउट हो गए। दूसरे ओवर में तिलक वर्मा भी पेवेलियन लौट गये। अभिषेक शर्मा इस मैच में खाता तो खोल पाए पर अधिक नहीं टिक पाये। इसके बाद बाकि बल्लेबाज भी एक के बाद एक पेवेलियन लौट गये। इस मैच में जीत से दक्षिण अफ्रीका को 2 अंक मिले हैं जबकि भारतीय टीम को एक भी अंक नहीं मिला।



# विश्वकप अंक तालिका में पाकिस्तान से भी पिछड़ी भारतीय टीम

मुम्बई। आईसीसी टी20 विश्वकप में ग्रुप स्तर पर धमाकेदार प्रदर्शन कर शीर्ष पर रही भारतीय टीम सुपर-आठ के पहले ही मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों करारी हार के बाद अंक तालिका में पिछड़ती दिख रही है। इससे उसके सेमीफाइनल की उम्मीदें भी कम हो रही हैं। पहले सुपर-8 मैच के बाद भारतीय टीम पाकिस्तान से भी पीछे है। न्यूजीलैंड से पहला सुपर-8 मुकाबला बारिश की वजह से रद् होने के बाद पाक को एक 1 अंक मिला है पर भारतीय टीम के पास एक भी अंक नहीं है। ऐसे में एक और हार से वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। अंतिम चार में जगह बनाने के लिए अब भारतीय टीम को अपने बाकी दो सुपर 8 मुकाबलों में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी. भारतीय टीम अपना दूसरा सुपर 8 मुकाबला गुरुवार 26 फरवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलेगी. वहीं एक मार्च को वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स में उतरेगी। अगर भारतीय टीम अपने शेष दो मैचों में से एक भी हार जाता है, तो उसका खिताबी सफर सुपर 8 स्टेज में ही समापत हो जाएगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद टीम इंडिया का नेट रन रेट काफी नीचे चला गया है।



# स्कोडा की नई रणनीति, काइलैक से सीएनजी और ईवी में बदलाव

**लॉन्च होने के बाद काइलैक की बिक्री 50,000 यूनिट से अधिक हो चुकी**

**नई दिल्ली।** स्कोडा आटो इंडिया की कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलैक ब्रांड के विकास का प्रमुख आधार बन चुकी है। 2025 की शुरुआत में लॉन्च होने के बाद काइलैक की बिक्री 50,000 यूनिट से अधिक हो चुकी है और 2026 में भी इसी गति के बनाए रखने की संभावना है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के अनुसार, काइलैक अब कंपनी की कुल बिक्री में लगभग 60 फीसदी योगदान देती है। समूह स्तर पर स्कोडा आटो वोक्सवेगन इें डिया की कुल बिक्री में इस श्रेणी का 40 फीसदी हिस्सा है। कंपनी फैक्टरी-फिटेड सीएनजी मॉडल पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट का लगभग 20 फीसदी हिस्सा पहले से ही सीएनजी पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि थर्ड-पार्टी रेट्रोफिट के विकल्प पर विचार नहीं किया जाएगा और कोई भी सीएनजी पेशकश फैक्टरी में तैयार होगी। हालांकि लॉन्च की सटीक समय-सीमा नहीं बताई गई, लेकिन संकेत दिए गए हैं कि सीएनजी वेरिएंट जल्द ही उपलब्ध हो सकता है। ईवी के मामले में कंपनी सतर्क दृष्टिकोण अपनाए हुए है। उनका कहना है` कि भारत में मुख्य खिलाड़ी बनने के लिए ईवी पोर्टफोलियो आवश्यक है। फोकस भारत में बनी ईवी पर है, जिसमें निर्यात की संभावना भी शामिल है। यूरोपीय ईवी का सीमित आयात रणनीतिक रूप से उपयुक्त नहीं माना जा रहा है। आगामी कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी फेज-3 मानदंड उत्सर्जन लक्ष्यों को कड़ा करेंगे। ऐसे में सीएनजी और ईवी में विस्तार अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि व्यापक बाजार वाली श्रेणियों में बिक्री बढ़ने पर उत्सर्जन संतुलन के लिए आवश्यक बन गया है।



# जीडीपी का नया आधार वर्ष, डब्ल्यूपीआई को लेकर मतभेद

**- वास्तविक वृद्धि के आकलन में गड़बड़ी की आशंका**




नई दिल्ली । भारत इस शुक्रवार से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आधार वर्ष 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने जा रहा है। इस बदलाव का उद्देश्य राष्ट्रीय आय के आंकड़ों को अधिक समकालीन, सटीक और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों के बीच इस बात पर मतभेद है कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) का आधार वर्ष 2011-12 ही बने रहने से वास्तविक (रियल) वृद्धि के अनुमान प्रभावित हो सकते हैं या नहीं। सांख्यिकी मंत्रालय ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का आधार 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है, लेकिन डब्ल्यूपीआई का आधार वर्ष अब तक संशोधित नहीं हुआ है। डब्ल्यूपीआई के आंकड़े वाणिज्य मंत्रालय संकलित करता है और राष्ट्रीय लेखा में इसका उपयोग विभिन्न उद्योगों के उत्पादन को डिफ्लेट करने के लिए किया जाता है। बाजार के जानकारों ने डब्ल्यूपीआई को राष्ट्रीय लेखा की सबसे कमजोर कड़ी बताया है। उनका कहना है कि भले ही सूचकांक की टोकरी और भार न बदले जाएं, आधार वर्ष का अद्यतन आवश्यक है ताकि नॉमिनल और रियल जीडीपी के बीच विसंगतियां न पैदा हों। उन्होंने सीपीआई और डब्ल्यूपीआई के रुझानों में तालमेल की कमी पर भी चिंता जताई। वहीं भारत के एक सांख्यिकीविद् का मानना है कि डब्ल्यूपीआई का उपयोग उद्योग-विशेष स्तर पर किया जाता है और इसका प्रभाव समग्र जीडीपी पर सीमित हो सकता है। उनके अनुसार, अद्यतन डेटा होना बेहतर है, लेकिन स्थिति उतनी गंभीर नहीं है जितनी आउटडेटेड सीपीआई के मामले में होती। नई जीडीपी श्रृंखला में विनिर्माण क्षेत्र के लिए डबल डिफ्लेशन पद्धति लागू की जा सकती है, जिससे उत्पादन और लागत को अलग-अलग समायोजित कर अधिक सटीक वास्तविक वृद्धि का अनुमान लगाया जा सके।

# टैरिफ बढ़ोतरी से सोना और चांदी में जोरदार उछाल




**- सोना 1.60 लाख पार, चांदी भी 2,63,061 रुपए किलो**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा टैरिफ बढ़ाने के फैसले के बाद सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी है, जिसका असर सोना और चांदी के वायदा भाव पर साफ दिखाई दे रहा है। घरेलू बाजार में दोनों कीमती धातुओं ने आज तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत की। मल्टी कमो डिटी एक्सचेंज आफ इें डिया (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 1,582 रुपये की तेजी के साथ 1,58,458 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,56,876 रुपये था। फिलहाल सोना 3,173 रुपये की बढ़त के साथ 1,60,049 रुपये पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान इसने 1,60,600 रुपये का दिन का उच्च स्तर और 1,58,117 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल सोना 1,80,779 रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंच चुका है। चांदी के मार्च वायदा कॉन्ट्रैक्ट में भी मजबूती रही। यह 10,117 रुपये की तेजी के साथ 2,63,061 रुपये पर खुला। बाद में 14,729 रुपये की बढ़त के साथ 2,67,673 रुपये पर कारोबार करता दिखा। चांदी ने दिन में 2,67,929 रुपये का उच्च और 2,63,061 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस वर्ष चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलो के शिखर तक पहुंच चुकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूती का रुख है। कॉमेक्स पर सोना 5,128.80 डॉलर प्रति औंस पर खुला और बाद में 5,188.20 डॉलर तक पहुंच गया। वहीं चांदी 84.60 डॉलर पर खुलकर 87.11 डॉलर प्रति औंस तक चढ़ी। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक व्यापार तनाव और टैरिफ बढ़ोतरी से निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे सोना-चांदी को मजबूत समर्थन मिल रहा है।

# रूस के तेल पर प्रतिबंधों का असर, भारत का कच्चा तेल आयात बदलते संतुलन की ओर

**मुंबई ।**

भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात धीरे-धीरे घट रहा है। फरवरी 2026 की शुरुआत में रोजाना लगभग 1.09 मिलियन बैरल तेल रूस से आया, जो जनवरी के 1.22 मिलियन बैरल से 10 फीसदी कम है। शिपिंग डेटा और विशेषज्ञों के अनुसार मार्च में यह और घटकर 8-10 लाख बैरल प्रतिदिन रह सकता है। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने रूस से डिस्काउंट पर बड़ी मात्रा में तेल खरीदा था, लेकिन अब वह दौर धीरे-धीरे स्थिर हो रहा है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के कारण रूस से आयात बढ़ाना सीमित है। रूस से घटती सप्लाई की जगह मध्य पूर्व के देश भर रहे हैं। सऊदी अरब फरवरी में भारत का सबसे बड़ा सप्लायर बन गया है, जहां से रोजाना 1-1.1 मिलियन बैरल तेल मिलने की उम्मीद है। महीने के आंकड़े अभी तक 1.4 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक जा चुके हैं।

मार्च की शुरुआत में थोड़ी कमी की संभावना है। इसके बाद रूस और इराक क्रमशः सप्लाई देंगे। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने इराक को पछाड़कर भारत के कुल आयात का लगभग 40 फीसदी हिस्सा ले लिया था, लेकिन अब यह हिस्सा घट रहा है। फरवरी के पहले 18 दिनों में भारत का औसत आयात 4.85 मिलियन बैरल प्रतिदिन रहा, जो जनवरी के 5.25 मिलियन बैरल से 8 फीसदी कम है। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले महीनों में उतार-चढ़ाव केवल कीमतों से नहीं बल्कि सैंक्शन, शिपिंग और लॉजिस्टिक्स से आएगा।

# होली पर 80 हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद, देसी उत्पादों की धूम

**- पिछले साल के 60,000 करोड़ रुपए के मुकाबले लगभग 25 फीसदी ज्यादा**

**मुंबई ।**

इस साल होली देशभर के व्यापारियों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। कॉन्फेडरेशन आफ आल इें डिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार इस बार त्योहार के मौके पर 80,000 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है, जो पिछले साल के 60,000 करोड़ रुपए के मुकाबले लगभग 25 फीसदी ज्यादा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान का असर अब बाजारों में साफ नजर आ रहा है। अब होली के रंग, पिचकारियां और सजावटी सामान स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उत्पादों से भरे बाजारों में मिल रहे हैं। ग्राहकों में सेहत और त्वचा को लेकर जागरूकता बढ़ने से केमिकल रंगों की बजाय हर्बल और प्राकृतिक रंगों की मांग तेजी से बढ़ी है। बच्चों के लिए स्पाइडर-मैन और छोटा भीम वाली पिचकारियां खास आकर्षण बनी हैं। कपड़ों में सफेद टी-शर्ट, कुर्ता-पायजामा और प्रिंटेड टी-शर्ट की बिक्री बढ़ी है। राजधानी दिल्ली में सबसे अधिक व्यापारिक गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। कैट के अनुसार अकेले दिल्ली में 15,000 करोड़ रुपए का कारोबार होने का अनुमान है। मिठाई की दुकानों पर गुजिया की मांग चरम पर है, और ड्राई फ्रूट्स, गिफ्ट आइटम्स और एफएमसीजी उत्पादों की बिक्री में भी तेजी है। त्योहार के दौरान सर्विस और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर भी लाभान्वित हुआ है। दिल्ली में 3,000 से ज्यादा सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, और बैंक्वेट हॉल, फार्महाउस और बड़े रेस्टोरेंट लगभग फुल बुक हैं।

## रुपया बढ़त पर बंद



मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय 5 पैसे की बढ़त के साथ ही 90.94 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया 21 पैसे उछलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.73 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को बढ़ाकर 15 फीसदी करने की आशंकाओं के बीच डॉलर के कमजोर होने से घरेलू मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.76 पर खुला और फिर 90.73 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 21 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को 26 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.94 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 97.47 पर रहा।



## आरबीआई बैठक में सीतारमण ने बैंकों को मुख्य व्यवसाय पर ध्यान देने का सुझाव दिया

**अमेरिकी टैरिफ में बदलाव के प्रभाव पर तुरंत टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी**

**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली में स्थित आरबीआई भवन में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 61वीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा मौजूद थे। सीतारमण ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ में बदलाव के प्रभाव पर तुरंत टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने बताया कि वाणिज्य मंत्री हालात की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि बैंकों को अपने मुख्य व्यवसाय पर ध्यान देना चाहिए और बीमा उत्पादों की गलत बिक्री से बचना चाहिए। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि सोने-चांदी का आयात चिंताजनक स्तर पर नहीं है और रिजर्व बैंक इस पर नजर रख रहा है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी का कारण वैश्विक केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी है। आरबीआई गवर्नर ने आश्वासन दिया कि सोने के आयात को लेकर कोई खास चिंता नहीं है। बाहरी क्षेत्र मजबूत है और चालू खाता घाटा नियंत्रण योग्य स्तर पर है, जिससे अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है।

## बिटकॉइन 64,300 डॉलर पर फिसला, क्रिप्टो मार्केट में गिरावट

**- 65,000 डॉलर के नीचे लुढ़का भाव**



**मुंबई ।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन 65,000 डॉलर के अहम स्तर से नीचे फिसलकर लगभग 64,300 डॉलर पर आ गई। यह पिछले आठ महीनों का सबसे निचला स्तर है। काइन मार्केट कैप के आंकड़ों के अनुसार, बिटकॉइन में गिरावट लगभग 4.8 फीसदी दर्ज की गई। इसी तरह, दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी एथे रियम 5 फीसदी से अधिक टूट गई। इसके अलावा, प्रमुख टोकन जैसे एक्सआरपी और बाइनेंस काइन में भी 5 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई। स्टेबलकॉइन टेथर लगभग 1 डॉलर पर स्थिर रहा। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित 15 फीसदी ग्लोबल टैरिफ ने निवेशकों को जोखिम संपत्तियों से दूर रहने पर मजबूर किया। इससे पहले यूएस सुप्रीम कोर्ट ने आईईईपीए के तहत लगाए गए पुराने टैरिफ को रद्द किया था, लेकिन कुछ ही घंटों में नए शुल्क लागू कर दिए गए। इस अप्रत्याशित कदम ने बाजार में अस्थिरता बढ़ा दी। बाजार में जोखिम से बचाव की रणनीति अपनाते हुए निवेशक अब सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों की ओर झुक रहे हैं, जहां लगभग 2 फीसदी की तेजी देखी गई। मुद्रेक्स के क्वांट विश्लेषकों का कहना है कि क्रिप्टो ईटीएफ से लगातार निकासी भी बिकवाली को तेज कर रही है। इस वजह से सिर्फ बिटकॉइन ही नहीं, बल्कि पूरी क्रिप्टो इंडस्ट्री प्रभावित हुई। कुल क्रिप्टो मार्केट कैप घटकर लगभग 2.23 ट्रिलियन डॉलर रह गया।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 479, निफ्टी 141 अंक उछला**

**मुंबई।**




भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। सकारात्मक वैश्विक संकेत, विदेशी निवेशकों की वापसी और बैंकिंग सेक्टर में मजबूती से भी बाजार को समर्थन मिला है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स479.95 अंकों की बढ़त के साथ ही 83,294.66 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 141.75 अंक बढ़कर 25,713 पर बंद हुआ। आज । निफ्टी मिडकैप 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि एनएसई स्मॉलकैप 0.29 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ आज निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी मिडस्मॉल हेल्थकेयर शेयरों में भी तेजी रही। वहीं निफ्टी आईटी में सबसे अधिक गिरावट रही। इसके अलावा निफ्टी केमिकल्स इंडेक्स भी फिसला।

सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो अदाणी पोर्ट्स, कोटक बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही और ये सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों की सूची में शामिल रहे। वहीं, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व और आईटीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

इस तरह, भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त रही। पीएसयू बैंक और हेल्थकेयर शेयरों में तेजी से बाजार धारणा मजबूत हुई । इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के खिलाफ आये अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भी बाजार में उत्साह का माहौल है। इससे पहले सुबह बाजार की मजबूत शुरुआत हुई। सुबह सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की बढ़त के साथ 82,906 पर खुला। वहीं निफ्टी भी मजबूती के साथ 25,678 अंक पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद निफ्टी 149.10 अंक की बढ़त के साथ 25,720 पर कारोबार कर रहा था।

वहीं पिछले दिन शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 316.57 अंक उछलकर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ था, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 116.90 अंक की बढ़त के साथ 25,571.25 पर बंद हुआ था।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने धोखाधड़ी के आरोपों से किया इनकार

**हरियाणा सरकार ने सरकारी कामकाज से अस्थायी रूप से समिति से किया बाहर**

**नई दिल्ली ।** हरियाणा सरकार ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को सरकारी कामकाज से अस्थायी रूप से समिति से बाहर (डी-एम्पैनल्ड) कर दिया है। यह कदम दोनों बैंकों पर धोखाधड़ी के आरोपों के मद्देनजर उठाया गया। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा कि उसके द्वारा खोले गए सरकारी खाते सभी आवश्यक केवाईसी जांच और प्राधिकरण प्रक्रिया के अनुरूप थे। बैंक ने यह भी कहा कि उसके पास पूर्ण ऑडिट ट्रेल और सभी दस्तावेज मौजूद हैं, जिन्हें संबंधित सरकारी विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। सरकारी खाते में पहले 25 करोड़ रुपये की राशि एक बड़े निजी बैंक से स्थानांतरित की गई। इसके बाद आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से 47 करोड़ रुपये 14 लेनदेन के माध्यम से प्राप्त हुए। बैंक ने कहा कि सभी लेनदेन सरकारी विभाग के निर्देशानुसार और सामान्य कारोबारी प्रक्रिया के तहत किए गए। बैंक ने बताया कि खाता 15 जनवरी 2026 को बंद कर दिया गया और शेष राशि मूल बैंक को ब्याज सहित लौटा दी गई। आंतरिक जांच जारी है और कुछ कर्मचारियों को ड्यूटी से हटाया गया। बैंक ने कहा कि प्रारंभिक समीक्षा में किसी वित्तीय नुकसान या धोखाधड़ी का संकेत नहीं मिला। 17 फरवरी 2026 तक बैंक में हरियाणा सरकार की जमा राशि 735 करोड़ रुपये थी, जो 21 फरवरी तक घटकर 538 करोड़ रुपये रह गई। बैंक ने पारदर्शिता और सरकारी धन की सुरक्षा पर जोर देते हुए पुनः समिति में शामिल होने के लिए सरकार और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत जारी रखी है।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ की धोखाधड़ी, शेयर 20 फीसदी तक लुढ़के

**- निवेशकों के डूबे 14,000 करोड़, बैंक का मार्केट कैप घटकर 57,485.60 करोड़ रह गया**

**मुंबई।**

चंडीगढ़ स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की एक शाखा में लगभग 590 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी सामने आई है। बैंक के अनुसार शाखा के कुछ कर्मचारी हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में बिना अनुमति के लेनदेन कर रहे थे, जिससे जमा राशि में बड़ा अंतर उत्पन्न हुआ। यह राशि बैंक की तिमाही कमाई से भी अधिक बताई जा रही है। इस घटना से बैंक के शेयरों और निवेशकों को बड़ा झटका लगा। सोमवार को एनएसई पर शेयर 20 फीसदी तक गिरकर 67 रुपए के लोअर सर्किट पर पहुंच गए। बैंक का मार्केट कैप 71,854.85 करोड़ से घटकर 57,485.60 करोड़ रुपए रह गया, यानी एक ही दिन में लगभग 14,369 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। यह मार्च 2020 के बाद बैंक के शेयरों में सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। धोखाधड़ी तब उजागर हुई जब हरियाणा सरकार ने अपने खातों को बंद कर राशि अन्य बैंक में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। मिलान प्रक्रिया के दौरान बैंक रिकॉर्ड और सरकारी विभागों द्वारा बताई गई राशि में अंतर पाया गया। 18 फरवरी 2026 के बाद अन्य सरकारी संस्थानों से संपर्क करने पर और विसंगतियां सामने आईं।




बैंक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और एक स्वतंत्र बाहरी एजेंसी से फोरेंसिक ऑडिट शुरू किया। दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक, दीवानी और आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। संदिग्ध खातों में जमा रकम पर रोक लगाने के लिए संबंधित बैंकों से संपर्क किया गया। बैंक का कहना है कि मामला केवल चंडीगढ़ शाखा और कुछ सरकारी खातों तक सीमित है, अन्य ग्राहकों पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा। निवेशक अब जांच की प्रगति और बैंक की अगली रणनीति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ठाणे में 18 एकड़ की नई आवासीय परियोजना बनाएगा

**भूस्वामी के साथ की साझेदारी, 7500 करोड़ रुपए राजस्व का लक्ष्य**

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने मुंबई क्षेत्र में अपने विस्तार के तहत ठाणे में 18 एकड़ के भूखंड के विकास के लिए संयुक्त विकास समझौता (जेडीए) किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह परियोजना मुख्य रूप से आवासीय होगी और इससे 7,500 करोड़ रुपए से अधिक का संभावित राजस्व अर्जित होने की उम्मीद है। हालांकि, कंपनी ने भूस्वामी का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। गोदरेज प्रॉपर्टीज रणनीतिक रूप से जमीन की सीधी खरीद और भूस्वामी के साथ संयुक्त विकास दोनों मॉडल के माध्यम से परियोजनाओं का विकास करती है। कंपनी का कहना है कि उच्च संभावनाओं वाले सूक्ष्म बाजारों में विस्तार उसकी वृद्धि रणनीति का अहम हिस्सा है और इसका उद्देश्य मकान खरीदारों के लिए दीर्घकालिक मूल्य निर्माण करना है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि ठाणे मुंबई महानगर क्षेत्र का सबसे आकर्षक स्थान बनकर उभरा है। यह परियोजना ठाणे में कंपनी की चौथी परियोजना होगी, जिससे क्षेत्र में उसकी उपस्थिति और मजबूत होगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कंपनी की बिक्री बुकिंग 25 फीसदी बढ़कर 24,008 करोड़ रुपए हुई।

## क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी का आईपीओ खुला

**- मीडियम-लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए अवसर**

**नई दिल्ली ।** क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का आईपीओ सोमवार, 23 फरवरी से खुल गया है और यह 25 फरवरी तक खुला रहेगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 20 फरवरी को लगी थी। आईपीओ का प्राइस बैंड 1,000 से 1,053 रुपए प्रति शेयर रखा गया है। निवेशक कम से कम 14 शेयरों का एक लॉट खरीद सकते हैं, जिससे एक लॉट की कीमत लगभग 14,742 रुपए होगी। शेयर 2 मार्च 2026 को एनएसई और बीएसई पर लिस्ट होने की संभावना है। कंपनी कुल 3,100 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखती है। इसमें 1,200 करोड़ रुपए का फ्रेश इश्यू शामिल है, जिसके तहत लगभग 1.14 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा 1,900 करोड़ रुपए का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा, जिसमें प्रमोटर बीजीटीएफ वन होल्डिंग्स और केएमपीआईएनसी एलएलपी अपने शेयर बेचेंगे।





# प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचने के अपने संघर्ष पर चर्चा की

ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा हाल ही में सालाना हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में शिरकत करने पहुंचीं। यहां उन्होंने अपने देश और बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचने के अपने सफर पर चर्चा की। उन्होंने अपने संघर्ष के बारे में बताया। साथ ही वे हॉलीवुड तक पहुंचीं, इसका क्रेडिट ऐश्वर्या राय और इरफान खान सरीखे सितारों को दिया। प्रियंका का कहना है कि इन सितारों ने हॉलीवुड के रास्ते खोले।

### प्रियंका ने शेयर किया इमोशनल नोट

प्रियंका चोपड़ा ने हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अपने करियर और हॉलीवुड तक के सफर का भी जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने हॉलीवुड में रास्ता बनाने का क्रेडिट ऐश्वर्या राय, इरफान खान और मिंडी कालिंग को दिया। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट भी शेयर किया है। इसमें अपनी करियर जर्नी पर एक इमोशनल नोट लिखा है।

### इन हस्तियों ने दूसरों के लिए रास्ते आसान बनाए

प्रियंका चोपड़ा ने यह स्वीकार किया कि किस तरह एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय, दिवंगत एक्टर इरफान खान और अमेरिकन एक्टर-कॉमेडियन मिंडी कालिंग के सफर ने हॉलीवुड में उनके अपने करियर में योगदान दिया। उन्होंने इन पर्सनैलिटीज को ट्रेलब्लेजर बताया, जिनकी कामयाबियों ने दूसरों के लिए रास्ते तैयार किए। उनके नक्शेकदम पर चलना मुमकिन बनाया।

### प्रियंका ने जाहिर किया उत्साह

प्रियंका चोपड़ा ने साझा किए गए पोस्ट के साथ लिखा है, 'मेरे दिन की शुरुआत ऐसे हुई। मुझे अपनी सबसे करीबी दोस्तों और बिजनेस पार्टनर अंजुला आचार्य के साथ मशहूर हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में इंडिया वीक खत्म करने के लिए एक फायरसाइड कीनोट एड्रेस देना था। टॉपिक था 'जैसा इंडिया हम सोचते हैं'। यहां ऑडियंस में देखते हुए मेरे मन में बस एक ही ख्याल आया, 'तुम वही इंडिया हो, जिसकी मैंने कल्पना की थी'। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी।

# 'लोका 2' पर कल्याणी प्रियदर्शन ने दिया अपडेट

**पिछले साल मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने दर्शकों को हैरान किया। फिल्म की कहानी वुमन सुपरहीरो चंद्रा पर थी। बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कमाल का कलेक्शन किया। अब इसका दूसरा पार्ट भी बनने वाला है। फिल्म को लेकर लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दिया है।**

### जल्द शुरू होगी शूटिंग

हाल ही में एक इवेंट में कल्याणी प्रियदर्शन शामिल हुईं। इस दौरान ही एक्ट्रेस ने 'लोका 2' को लेकर बात की। वह कहती हैं, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें।'

### क्या थी कहानी?

मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी थी। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं। वह बेंगलुरु में रहने आती है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है। वह उड़ सकती है, उसके पास लड़ने की असीम क्षमता, ताकत है। इस फिल्म का एक्शन, ड्रामा दर्शकों को पसंद आया है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छाई कमाई की थी।

### फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर की छप्परफाड़ कमाई

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'लोका' का बजट 33 करोड़ रुपये है। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को कई एक्ट्रेस से सराहा। इस पहली वुमन सुपरहीरो मूवी कहा।

# एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर ने अजित कुमार के लिए लिखा खास नोट






मलयालम एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर ने हाल ही में तमिल सुपरस्टार अजित कुमार के लिए एक खास नोट शेयर किया है। फिल्म 'गुड बैड अगली' में उनके साथ काम कर चुकीं प्रिया उन्हें चीयर करने पहुंची थी। इसी की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर कर उन्होंने अजित के लिए कुछ खास लिखा। प्रिया ने अबू धाबी के यास मरीना सर्किट से कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'प्योर पैशन, डिसिप्लिन और निडर समर्पण... जिस तरह वह जिंदगी और रेसिंग दोनों में बेहतरीन बनने की कोशिश करते हैं, वह बेहद प्रेरित करने वाला है। असली महानता अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने, विनम्र रहने और अपने जुनून को कभी न छोड़ने में है। अजित सर, मुझे बुलाने के लिए धन्यवाद! आपके और आपकी शानदार टीम के साथ रहना बहुत खास लगा। हम आपके लिए चीयर कर रहे हैं।' बता दें, अजित कुमार इन दिनों अपनी रेसिंग टीम के साथ इंटरनेशनल कार रेसिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। प्रिया से पहले तमिल स्टार शिवकार्तिकेयन भी अबू धाबी पहुंचकर अजित और उनकी टीम से मुलाकात कर चुके हैं।

### इस फिल्म में नजर आएंगी प्रिया

एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर हाल ही में निर्देशक अखिल सथ्यान की फिल्म 'सर्वम माया' में कैमियो रोल में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ निविन पॉली और रिया शिबू भी अहम भूमिकाओं में थे। अब खबर है कि प्रिया जल्द ही हीस्ट थ्रिलर फिल्म '3 मंकीज' में दिखाई देंगी, जिसे डायरेक्टर जोड़ी अब्बास-मस्तान बना रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मल्टी-स्टारर फिल्म में अर्जुन रामपाल और रानी मुखर्जी समेत कई बड़े नाम शामिल हैं।

# हॉरर-थ्रिलर हुई रजनीश दुग्गल सुपरनैचुरल की वापसी



अपकमिंग बॉलीवुड हॉरर फिल्म का फर्स्ट-लुक पोस्टर आ गया है और इसे देखकर आपके रोंगटे जरूर खड़े हो जाएंगे। फिल्म को ज्योति राज गवाली प्रोड्यूस कर रही हैं। वहीं राज गवाली को-प्रोड्यूसर हैं और निर्देशन की कमान सौरभ चौबे ने संभाली है।

### पोस्टर ने बढ़ाई धड़कनें

पोस्टर में एक पुरानी, आधी खुली लकड़ी की अलमारी से एक रहस्यमयी महिला बाहर आती दिखाई दे रही है। अलमारी के अंदर से निकलती लाल रोशनी उसके खून से सने सफेद गाउन को और डरावना बना रही है। चारों ओर धुआं, गहरे साए और खौफ का माहौल, पूरा सीन किसी डरावने सपने जैसा लगता है। लाल रंग में लिखा फिल्म का टाइटल 'द वॉर्डरोब' अंधेरे बैकग्राउंड पर और भी डरावना एहसास दे रहा है।



# कैनेडी को लेकर सनी लियोनी के दिल में बैठा डर, अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर बड़े नामों से जुड़ा प्रोजेक्ट कलाकारों के लिए एक सपने जैसा होता है। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री सनी लियोनी ने साझा किया। अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म 'कैनेडी' को लेकर सनी लियोनी ने बताया कि इसका हिस्सा बनने पर उन्हें आखिरी दिन तक यकीन नहीं हो रहा था। उन्हें हमेशा रिप्लेस होने का डर रहा। सनी लियोनी इन दिनों अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी 'कैनेडी' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। इसके अलावा, फिल्म ने कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में सराहना प्राप्त की है। सनी ने कहा, ''जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं काफी हैरान थी। मुझे भरोसा ही नहीं था कि मैं इस फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। ट्रायल्स, वर्कशॉप्स और मीटिंग्स सब कुछ होने के बावजूद, मेरे मन में यह डर बना रहा कि कहीं आखिरी समय पर मुझे फिल्म से रिप्लेस न कर दिया जाए।''

उन्होंने कहा, ''एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में चीजें पल भर में बदल जाती हैं। मैंने कई बार ऐसा देखा है कि सब कुछ तय होने के बाद भी कलाकार बदल दिए जाते हैं। इसी वजह से मुझे तब तक चैन नहीं मिला, जब तक मैंने सेट पर पहुंचकर कैमरे के सामने शॉट नहीं दिया। पहला सीन शूट होने और फिर अगला सीन शुरू होने के बाद मुझे यकीन हुआ कि अब शायद उन्हें रिप्लेस नहीं किया जाएगा।'' सनी लियोनी ने कहा, ''पहला शॉट ओके होने के बाद मेरे मन में एक अलग ही सुकून था। मुझे लगा कि मैंने अपना काम ठीक से किया है और शायद यही वजह है कि टीम अब मुझ पर भरोसा कर रही है।''

फिल्म 'कैनेडी' में सनी लियोनी चार्ली नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। अपने किरदार के एक खास सीन का जिक्र करते हुए सनी ने बताया कि यह सीन एक होटल रूम में शूट हुआ है, जहां मेरा किरदार चार्ली एक पुलिस ऑफिसर का इंतजार करती है। वह डरी हुई है, परेशान है और वहां रहना नहीं चाहती, लेकिन उसे पता है कि आगे क्या होने वाला है। इस सीन में बाथरूम से बाहर आकर चेहरे पर नकली मुस्कान लाना, उनके लिए भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा। सनी ने कहा, ''यह सीन आम जिंदगी से जुड़ा हुआ है। कई बार हम सब भी ऐसे हालात से गुजरते हैं, जहां अंदर से टूटे हुए होते हैं, लेकिन बाहर से मुस्कुराना पड़ता है। यही वजह है कि यह सीन मेरे लिए बेहद खास है।''




# अनुराग कश्यप ने 'निशांची' को बताया 'सिनर्स' से बेहतर



**निर्माता-निर्देशक व अभिनेता अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कैनेडी' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच अनुराग कश्यप ने अपनी पिछली फिल्म 'निशांची' को बनाने पर गर्व जताते हुए इसके स्पेशल इफेक्ट्स को हॉलीवुड फिल्म 'सिनर्स' से भी बेहतर बताया है। 'निशांची' दो भागों में बंटी एक क्राइम ड्रामा है, जिसमें कानपुर में रहने वाले जुड़वां भाइयों बबलू और डब्लू की कहानी है।**

### अनुराग ने स्पेशल इफेक्ट्स के लिए की रेड चिलीज की तारीफ

बातचीत के दौरान अनुराग ने कहा कि अन्य फिल्म निर्माताओं के साथ काम करते हुए, मैं काम करने की एक नई शैली देख रहा हूं। यह शैली आ रही है और दक्षिण में हर जगह देखने को मिल रही है। वे वहीं पर शूटिंग और एडिटिंग करते हैं। वे एक दिन में एक ही सीन शूट करते हैं और शॉट्स नहीं लेते। मेरे लिए स्पेशल इफेक्ट्स के साथ 'निशांची' के दोनों भाग, जिनमें अभिनेता ने दो अलग-अलग तरह की दोहरी भूमिका निभाई है - जिस पर मुझे बहुत गर्व है। स्पेशल इफेक्ट्स के मामले में सिल्वेस्टर और रेड चिलीज ने जो उपलब्धि हासिल की है, वो वाकई कमाल है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि यह 'सिनर्स' से भी बेहतर है। वे सचमुच दो अलग-अलग लोग हैं और हमने दो महीने के अंतराल पर शूटिंग की। ऐसा नहीं था कि आप कपड़े बदलकर आ गए हों। यह सब वास्तविक था।

### ऑस्कर में 'सिनर्स' ने हासिल किए रिकॉर्ड नॉमिनेशन

हॉलीवुड फिल्म 'सिनर्स' में माइकल बी जॉर्डन ने दोहरी भूमिका निभाई है, जिसमें उन्होंने जुड़वां भाइयों एलिजा स्मोक मूर और एलियास स्टैक मूर का किरदार निभाया है। इस फिल्म में अपने अभिनय के लिए अभिनेता को अपना पहला ऑस्कर नामांकन मिला। रयान कूगलर द्वारा निर्देशित 'सिनर्स' ने 98वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह में रिकॉर्ड तोड़ 16 नामांकन हासिल करके इतिहास रच दिया, जो किसी एक फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक नामांकन है।

### ऐसी है 'निशांची' की कहानी




अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'निशांची' पिछले साल दो भागों में रिलीज हुई थी। इस क्राइम ड्रामा की कहानी कानपुर में रहने वाले दो भाइयों बबलू और डब्लू के ऊपर आधारित है। फिल्म का पहला पार्ट सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था, जिसे क्रिटिक्स से तो अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसके बाद दूसरा पार्ट मेकर्स ने सीधे ओटीटी पर रिलीज किया था। इस फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे दोहरी भूमिका में नजर आए हैं।

### 20 फरवरी को रिलीज हुई है 'कैनेडी'

अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'केनेडी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह फिल्म 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई है। इससे पहले फिल्म का प्रीमियर 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। जहां इसे काफी सराहना मिली थी। इसके अलावा भी कई फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को काफी सराहा गया है। और इसे सात मिनट तक स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। मेलबर्न इंडियन 'कैनेडी' में राहुल भट्ट और सनी लियोन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in